NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-206, पृष्ठ: 12 | रविवार, 01 फरवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार अपना नौवां बजट पेश किया है। लोकसभा में उनका बजट भाषण कुल 85 मिनट रहा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल से लेकर आयकर टैक्स के लिए कई एलान किए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का संबोधन खत्म होने के साथ ही लोकसभा की कार्यवाही आज के लिए स्थगित हो गई है।



## बजट 2026- इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं

# कैंसर की दवाएं होंगी सस्ती, 3 आयुर्वेदिक एम्स और 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट पेश किया। वित्त मंत्री के 85 मिनट के भाषण में आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं हुआ। हालांकि टैक्स फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और आयुर्वेदिक एम्स जैसी नई बातें कही गई हैं।



### बजट की 7 सबसे बड़ी घोषणाएं

इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं।

7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा। इनमें मुंबई -पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलिगुड़ी।

कैंसर की 17 दवाओं पर से आयात शुल्क हटाया। 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री।

3 आयुर्वेदिक अक्क्टर खोले जाने की घोषणा। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब भी बनेंगे।

5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ खर्च करने का ऐलान।

15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएंगी।

करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे। हर जिले में एक हॉस्टल बनाया जाएगा।

टैक्स अनुमान - 34 लाख करोड़ का है।

कैपिटल एक्सपेंडिचर 12.2 लाख करोड़ और बजट एस्टीमेट कुल 36.5 लाख करोड़ का है।

न्यू इनकम टैक्स एक्ट 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। सिंपलीफाइड फॉर्म रीडिजाइन किए गए हैं, आम आदमी भर सके।

मोटर एक्सीडेंट क्लेम की रकम को इनकम टैक्स से छूट दी गई है।

ओवरसीज टूर प्रोग्राम पर 5% की जगह 2% टैक्स किया गया है। एजुकेशन और मेडिकल पर्पज पर 5% की जगह 2% टैक्स किया गया है।

### बजट के 3 मुख्य विजन

**रफ्तार:** प्रॉडक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को तेज करना।
**क्षमता:** लोगों की काबिलियत को निखारना ताकि वे देश की तरक्की में भागीदार बनें।
**सबका साथ:** हर परिवार और क्षेत्र के पास कमाई के पर्याप्त संसाधन और मौके हों।

## सेंसेक्स 1600 अंक गिरा निफ्टी भी 550 अंक टूटा




**नई दिल्ली।** बजट के बाद आज यानी 1 फरवरी को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। अभी सेंसेक्स 1600 अंक गिरकर 80,600 और निफ्टी करीब 550 अंक गिरकर 24,800 के स्तर के नीचे कारोबार कर रहा है। सरकार ने सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% कर दिया। इस वजह से ही बाजार में यह गिरावट आई है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में गिरावट और सिर्फ 2 में तेजी है। बीईएल, एसबीआई और एनटीपीसी के शेयर में 4% तक की गिरावट है। निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरे हैं। सरकारी बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 4% की गिरावट है। मेटल, मीडिया, एफएमसीजी, आईटी, मीडिया, फार्मा, फाइनेंशियल सर्विसेज और रियल्टी समेत सभी सेक्टर में गिरावट है।

## 'पूर्वोत्तर के 5 राज्यों में बौद्ध सर्किट बनाए जाएंगे

- **मेडिकल टूरिज्म** - भारत को मेडिकल टूरिज्म हब के तौर पर बढ़ावा देने के लिए, मैं राज्यों को देश में 5 रीजनल हब स्थापित करने में मदद करने के लिए एक योजना का प्रस्ताव करती हूं।
- **पूर्वोदय स्कीम** - पूर्वोत्तर के 5 स्टेट में बौद्ध सर्किट - अरुणाचल, असम, सिक्किम, मिजोरम और त्रिपुरा में बनाया जाएगा।
- **राज्यों को मदद** - 16वें फाइनेंस कमीशन की रिकमंडेशन स्वीकार की गईं। राज्यों को ग्रामीण और शहरी निकायों के डेवलपमेंट के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान
- **कर्ज को इकोनॉमी** का 50 फीसदी के आसपास रखने का लक्ष्य - 2031 तक हासिल करेंगे।
- **राजकोषीय घाटे** को जीडीपी का 4.5 परसेंट से नीचे रखने का लक्ष्य



**महात्मा गांधी ग्राम स्वराज** - खादी को प्रोत्साहित करने के लिए - प्रोडक्शन, ट्रेनिंग और मार्केट के लिए होगा।

वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाएगा।

**स्पोर्ट्स** - उपकरण डिजाइन करने और बनाने के लिए योजना है।

## 'हाई क्वालिटी के आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट करेंगे'

- युवाओं को करियर पाथवे उपलब्ध कराने के लिए स्कीम लाई जाएगी।
- अगले पांच साल में एक लाख स्पेशलिस्ट हेल्थकेयर प्रोफेशनल बनेंगे। 1.5 लाख केयर गिवर्स को ट्रेनिंग देंगे।
- भारतीय योग दुनियाभर में फैले, इसके लिए क्वालिटी आयुर्वेदिक प्रोडक्ट के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देंगे।
- आयुर्वेद के तीन नए एम्स बनाए जाएंगे।
- आयुर्वेदिक दवाइयों की टेस्टिंग के नेशनल लैब्स बनाए जाएंगे। जामनगर में हल्ड ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर बनाया जाएगा।

## वित्त मंत्री बोलीं- इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट के लिए 40 हजार करोड़ देंगे

1000 मान्यता प्राप्त क्लीनिकल साइट्स बनाई जाएंगी, जहां साइंटिफिक रिव्यू हो सकेंगे।

सेमीकंडक्टर मिशन - प्रोडक्शन और इंडियन आईपी बनाने, सप्लाई चेन बनाने के लिए प्रावधान किया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट बनाने के लिए 40 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

रेयर अर्थ मटेरियल के लिए ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में डेडिकेटेड फेसिलिसिटी बनाने की पहल की गई है। इसके लिए डेडिकेटेड मिनरल पार्क बनाए जाएंगे।

हाई टेक टूल रूम दो लोकेशन पर हाई प्रेसिजन कंपोनेंट्स बनाने के लिए - इसके तहत टनल बोरिंग मशीन से लेकर मल्टी स्टोरीज में फायर फाइटिंग सिस्टम तक बनेंगे।

# त्रिवेणी पर उमड़ा आस्था का महासागर

## प्रयागराज में माघी पूर्णिमा पर पवित्र स्नान करने वालों का संगम नोज पर सुबह से ही लग गया तांता

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा पर पवित्र स्नान करने वालों का संगम नोज का तांता अलसुबह ही लग गया। रविवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। संगम घाट पर एटीएस भी तैनात है। जगद्गुरु स्वामी नरेंद्र नंद ने कहा कि इस दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने से जीवन में पवित्रता आएगी और नकारात्मक प्रवृत्तियां खत्म होंगी... अगर लोग सनातन धर्म अपनाते हैं, तो दुनिया में शांति और सद्भाव होगा... यहां की व्यवस्थाएं अच्छी हैं.... मेले के अधिकारी ऋषि राज ने कहा, हम रात 12 बजे से यहां हैं। तब से पवित्र स्नान जारी है... सुबह 8 बजे तक लगभग 90 लाख लोगों ने पवित्र स्नान किया है। हमारी खोया-पाया सेवा एक्टिव है... हम भीड़ की निगरानी कर रहे हैं... मुख्य मकसद यह है कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो... हमने एक ह्यूमन चेन बनाई और भीड़ को यमुना किनारे की ओर मोड़ा...।



माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर धार्मिक नगरी काशी में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के भोर से ही लाखों श्रद्धालु मां गंगा में पुण्य स्नान के लिए विभिन्न घाटों पर पहुंचने लगे। हर-हर महादेव और गंगा मैया की जयकारों से पूरा काशी क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। मान्यता है कि माघ मास की पूर्णिमा को गंगा स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के चलते देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु काशी पहुंचे। दशाश्वमेध, अस्सी, पंचगंगा, केदार, राजघाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और स्नान के बाद दीपदान किया। घाटों पर कल्पवासी, साधु-संत और गृहस्थ श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। कई श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और दक्षिणा भी प्रदान की।

## आतंकवाद के विरुद्ध किश्तवाड़ में फिर मुठभेड़




**जम्मू।** किश्तवाड़ जिले के जंगल में आतंकवाद के विरुद्ध सुरक्षाबलों का प्रहार जारी है। तड़के छात्रू इलाके के दुर्गम एवं बर्फबारी वाले डोलगाम में आतंकियों से एक बार फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। ऑपरेशन त्राशी-1 के तहत इस अभियान में सेना की व्हाइट नाइट कोर, सीआरपीएफ और पुलिस के संयुक्त दल ने आतंकियों को घेर रखा है। मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं, जिनमें दो गंभीर हैं। एक आतंकी के भी घायल होने की सूचना है। किश्तवाड़ के इस पर्वतीय क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से रुक-रुककर गोलियों की तड़तड़ाहट गूंज रही है। पिछले 15 दिन में आतंकियों से ये चौथी मुठभेड़ है। इससे पहले सोननाड़, आर्यगाम-सिंहपोरा और चिंगाम में मुठभेड़ हुई थी। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार ये आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर सैफुल्लाह के नेतृत्व में सक्रिय है। ये गुट पिछले दो वर्षों से इस दुर्गम क्षेत्र में छिपकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और घने जंगलों व बर्फबारी की आड़ में हर बार बच निकलता है।

## वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारतः डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन डीसी। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की थी। अमेरिकी की पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर लिए गए एक्शन के बाद वेनेजुएला की भारत से यह पहली वार्ता की। अब इस कड़ी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल खरीद पर भारत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही तेल खरीदने के लिए एक समझौता कर चुका है।

डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (01 फरवरी) को कहा कि भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल आयात करेगा। फ्लोरिडा जाते समय एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, 'हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वह ईरान से तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। इसलिए हमने समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली है।'



उन्होंने आगे कहा, 'हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वह ईरान से तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वे आ रहे हैं, हमने पहले ही उस समझौते पर सहमति बना ली है, समझौते की अवधारणा तैयार कर ली है।' फिलहाल भारत की ओर से अभी ट्रंप की टिप्पकी पर किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इधर, ट्रंप के भारत के वेनेजुएला से तेल खरीदने के बयान पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने केंद्र को घेरते हुए कहा कि अमेरिकी नेता हमारी अपनी सरकार ने जो किया है या करने वाली है, उसके बारे में जानकारी देना जारी रखे हुए हैं। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर ट्रंप की टिप्पणियों का ऑडियो साझा किया और कहा, 'उन्होंने (ट्रंप ने) हमें बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया गया है। उन्होंने हमें बताया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। और अब यह।' रमेश ने एक्स पर कहा, *राष्ट्रपति ट्रंप हमें लगातार इस बात की जानकारी दे रहे हैं कि हमारी अपनी सरकार ने क्या किया है या क्या करने वाली है।'

## कांग्रेस से नवजोत सिद्धू की पत्नी की विदाई

**चण्डीगढ़-पंजाब।** नवजोत कौर को दिसंबर 2025 में ही पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया गया था। वजह थी उनकी विवादित बयानबाजी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद पाने के लिए '500 करोड़ रुपये का सूटकेस' देना पड़ता है।

डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वॉरिंग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनके पास वॉरिंग को 'बर्बाद' करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं, लेकिन अब इसमें उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है।

## ईरान के दक्षिणी बंदरगाह 'बंदर अब्बास' पर बड़ा धमाका, 4 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के खाड़ी तट पर स्थित बंदर अब्बास शहर में शनिवार को एक इमारत में जोरदार विस्फोट हुआ। ईरान की राज्य मीडिया ने इसकी पुष्टि की, लेकिन विस्फोट का कारण अभी तक अज्ञात है। राज्य टेलीविजन ने बताया कि विस्फोट मोअल्लेम बुलेवार्ड क्षेत्र में एक आठ मंजिला इमारत में हुआ, जिसमें दो मंजिलें पूरी तरह नष्ट हो गईं, कई वाहन और दुकानें क्षतिग्रस्त हुईं। बचाव और अग्निशमन टीमें मौके पर पहुंचीं और सहायता प्रदान कर रही हैं।



होर्मोजगान प्रांत के संकट प्रबंधन निदेशक मेहरदाद हसनजादेह के हवाले से कहा कि विस्फोट का कारण जांच के अधीन है। उन्होंने कहा, ह्रघटना में घायल लोगों को आपातकालीन सेवाओं द्वारा अस्पताल पहुंचाया जा रहा है,ह्व लेकिन किसी मौत की सूचना नहीं दी गई।राज्य टीवी पर दिखाई गई तस्वीरों में इमारत की सामने की दीवार उड़ गई दिख रही है, जिससे अंदरूनी हिस्से खुल गए हैं और आसपास मलबा बिखरा हुआ है। अन्य ईरानी मीडिया ने भी इसी तरह की रिपोर्ट दी, लेकिन कारण पर कोई विवरण नहीं दिया।

ऑनलाइन अफवाहों के बाद, इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर ने फार्स न्यूज एजेंसी के माध्यम से बयान जारी कर कहा कि प्रांत में उनकी नौसेना बलों से संबंधित किसी भी इमारत को निशाना नहीं बनाया गया। सेमी-ऑफिशियल तस्नीम न्यूज एजेंसी ने सोशल मीडिया पर फैली उन रिपोर्टों को ह्रपूरी तरह झूठाह्व बताया जिनमें दावा किया गया था कि विस्फोट नौसेना कमांडर को निशाना बनाकर किया गया था। दक्षिण-पश्चिमी खूजेस्तान प्रांत में शनिवार को अहवाज शहर के कियानशहर इलाके में एक गैस विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। राज्य टेलीविजन ने बताया कि विस्फोट गैस लीक के कारण हुआ और मलबा हटाने के लिए टीमें काम कर रही हैं, ताकि मलबे में फंसे लोगों को बचाया जा सके।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
रविवार, 01 फरवरी, 2026


# मौसम बदला, बारिश से भीग रहा ब्रज

## आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, हाथरस में देर रात से बारिश, ठंड भी बढ़ी

एनएनआई

**आगरा/मथुरा/फिरोजाबाद/हाथरस।** आगरा में 1 फरवरी 2026 की सुबह से ही बादलों की गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश हो रही है, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई और पारा 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अचानक बदले इस मौसम के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है और ठिठुरन में जबरदस्त इजाफा हुआ है। सोमवार को भी बारिश जारी रहने का अलर्ट है।





तेज बारिश और ठंडः रात से जारी बूंदाबांदी के बाद सुबह तेज बारिश ने आगरा में ठंड बढ़ा दी है, जिससे लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं।

तापमान में गिरावटः पारे के 11 डिग्री सेल्सियस तक गिरने से कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है।

मौसम का पूर्वानुमानः मौसम विभाग ने आगरा और आसपास के इलाकों में बादल छाने के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

यह मौसम में बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण होने की संभावना है, जिसका असर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है।

फिरोजाबाद में बीती रात हुई बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार बरसात के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। बारिश के चलते ठंड में भी इजाफा दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने दिन में भी बारिश की संभावना जताई है।

रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ती सर्दी से बचाव के लिए कई स्थानों पर लोग अलाव जलाकर तापते दिखे। खराब मौसम का असर यातायात व्यवस्था पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या में कमी आई है, जबकि कोहरे और बारिश के कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। मौसम खराब रहने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। जनवरी के अंत में पड़ रहा घना कोहरा रेल यात्रियों के लिए मुसीबत बन गया है। रविवार को कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से दो से नौ घंटे की देरी से चलीं। सुबह आने वाली ट्रेनें शाम को टूंडला पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हाथरस में बीती रात हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। इसके चलते शहर में सर्दी बढ़ गई और जनजीवन प्रभावित हुआ। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर विद्युत लाइनों में खराबी आने से बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई।

सुबह शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग ने आज भी बारिश की संभावना जताई है। आज का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बरसाना रोप-वे 5 फरवरी तक बंद, लठामार होली पर उमड़ेगी भीड़



**बरसाना** एनएनआई। लठामार होली पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए रोप-वे का रखरखाव व मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके लिए रोप-वे की सभी ट्रॉलियों को रोप से नीचे उतारा जाएगा। इससे श्रद्धालुओं के लिए रोप-वे का संचालन पांच दिनों के लिए बंद रहेगा।

ब्रह्मांचल पर्वत स्थित लाडली जी मंदिर में श्रद्धालुओं को आने-जाने के लिए योगी सरकार ने रोप-वे की व्यवस्था की है। प्रतिदिन तीन से चार हजार श्रद्धालु रोप-वे के माध्यम से मंदिर जाते हैं। रोप-वे के चलते बुजुर्ग व बीमार श्रद्धालुओं को राहत मिली है। लठामार होली के चलते रोप-वे पर मशीनों तथा ट्रॉलियों के रखरखाव व मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते पांच दिनों के लिए रोप वे का संचालन श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। रोप-वे के इंचार्ज राहुल सिंह ने बताया कि एक से पांच फरवरी तक रोप वे का संचालन श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। ट्रॉलियों को रोप से नीचे उतार मशीनों की सर्विस की जाएगी।

# हादसे में छह मौतों के बाद धाधऊ में कोहराम

## जोरदार धमाके संग कई फीट दूर गिरे ऑटो, सड़क पर बिखर गईं लाशें

एनएनआई

**आगरा/हाथरस।** थाना खंदौली इलाके के ग्राम नगला चंदन के पास आगरा-जलेसर मार्ग पर शनिवार पूर्वाह्न 11:30 बजे नशे में धुत 80 किमी. की रफ्तार से कंटेनर चला रहे चालक ने सवारियों से भरे दो ऑटो में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों ऑटो हवा में उछलकर सड़क किनारे बने गड्ढों में पेड़ों के बीच जा गिरे। एक ऑटो में सवार पांच श्रद्धालुओं और चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए। हादसे के बाद हाथरस के सादाबाद स्थित गांव धाधऊ में कोहराम मचा हुआ है।

वहीं दूसरे ऑटो में बैठे चार लोग घायल हो गए। घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी और कालिंदी विहार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चार की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद लंबा जाम लग गया।

हाथरस के धाधऊ गांव निवासी रामअवतार (70) ने बताया कि गांव के आठ लोगों के साथ वह 20 जनवरी को धार्मिक यात्रा पर निकले थे। जगन्नाथपुरी से दर्शन के बाद चित्रकूट पहुंचे थे, जबकि उनके एक साथी हरिहर जबलपुर में ही रुक गए थे। चित्रकूट से महाकौशल एक्सप्रेस से शनिवार सुबह आठ लोग



आगरा कैंट स्टेशन पहुंचे।

गांव के बृजमोहन उर्फ बिज्जो (52), धनप्रसाद (60), लखमीचंद्र (62), देवकीन देवकीनंदन उर्फ बिल्ला मिस्त्री (60), विजय सिंह (62), रनवीर (75) और उदयवीर सिंह (60) कैंट स्टेशन पर उतर गए जबकि रामअवतार राजामंडी स्टेशन तक गए। सात लोगों ने कैंट स्टेशन से सादाबाद के लिए आजमपाड़ा, शाहगंज निवासी शाहिद (40) का ऑटो बुक किया था। चालक रामबाग होते हुए सवारियों को लेकर टेढ़ी बगिया से जलेसर रोड पर आया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गांव नगला चंदन के पास एक ऑटो श्रद्धालुओं के ऑटो से आगे चल रहा था। तभी शाहिद ने ऑटो को ओवरटेक करने का प्रयास किया। जलेसर से आगरा की ओर तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ने दोनों ऑटो को एक के बाद एक टक्कर मार दी। धमाके की आवाज के साथ दोनों ऑटो कई फीट उछलकर सड़क किनारे गड्ढे में पेड़ों के बीच जा गिरे।

दोनों के परखच्चे उड़ गए। आसपास के दुकानदार और राहगीर दौड़ पड़े। वहीं, चालक कंटेनर लेकर भागने लगा। लोगों ने पीछा कर कंटेनर पर पथराव कर दिया, तब चालक अवनीश निवासी खेरगढ़ शिकोहाबाद ने कंटेनर रोका। लोगों ने कहा- वह नशे की हालत में था। ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। बाद में पुलिस ने आकर उसे हिरासत में लिया।

डीसीपी पश्चिमी जोन आदित्य सिंह ने बताया कि हादसे में बृजमोहन, लखमीचंद्र, रनवीर, देवकीनंदन और शाहिद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उदयवीर और रिटायर्ड दरोगा विजय सिंह को ट्रांस यमुना इलाके एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उदयवीर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। विजय सिंह की हालत गंभीर है। एक अन्य घायल धनप्रसाद को एसएन में भर्ती कराया गया, जहां से परिजन निजी अस्पताल में ले गए। वहीं दूसरे ऑटो का चालक रुनकता निवासी मन्नू, हसीना, रानी और सलमान घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**बेटे के सिर पर सेहरा नहीं देख सके लखमीचंद्र**

हादसे में मृत पंडित लखमीचंद्र (70) के परिवार में पत्नी, दो बेटे व एक बेटी है। एक बेटे व एक बेटी की शादी हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि छोटे बेटे की शादी के लिए लड़की देख रहे थे, इसलिए सभी परिजन बेसब्री से उनके लौटने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही हादसे की जानकारी मिली तो परिवार में रोना-बिलखना शुरू हो गया। पिता लखमीचंद्र द्वारा छोटे बेटे के सिर पर सेहरा न देख पाने का गम परिवार को खाए जा रहा है।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# फ्लैट में मिला रिटायर्ड इंजीनियर का शव

एनएनआई



**आगरा।** सिकंदरा थाना के शास्त्रीपुरम क्षेत्र में रिटायर्ड इंजीनियर शैलेंद्र कुमार का शव उनके फ्लैट में बेड पर पड़ा मिला। शुक्रवार से फ्लैट का दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने फ्लैट खुलवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक के परिवार में सिर्फ एक गोद लिया बेटा है, जो कि पुणे में सैन्य सेवा में तैनात है। शिवम एलिगेंट अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 505 में रिटायर्ड इंजीनियर शैलेंद्र कुमार (78) रहते थे। पड़ोसियों के अनुसार वह अकेले रहते थे और किसी से ज्यादा बात नहीं करते थे।वह अपनी दवाएं और भोजन समेत जरूरत का सामान ऑनलाइन मंगाते थे। शुक्रवार से शनिवार दोपहर 12 बजे तक भी फ्लैट से कोई आवाज नहीं आने पर लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। शास्त्रीपुरम पुलिस चौकी प्रभारी फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने फ्लैट का लॉक खुलवाकर अंदर प्रवेश किया तो अंदर कमरे में शैलेंद्र बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़े मिले।

हालात देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि तबीयत खराब होने के कारण वह बिस्तर से उठ नहीं पाए। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि एकाकी बुजुर्गों के लिए थाना स्तर पर बीट सिपाहियों को निर्देशित किया जाएगा। समय-समय पर उन लोगों की समस्याओं की जानकारी ली जाएगी।

# निशानदेही पर भी नहीं मिला मिंकी का कटा सिर

## डीएनए से होगी शव की पुष्टि

एनएनआई



**आगरा।** सनसनीखेज मिंकी शर्मा हत्याकांड में पुलिस को दो दिन की कस्टडी रिमांड के बावजूद अहम सफलता नहीं मिल सकी। आरोपित विनय राजपूत की निशानदेही पर झरना नाला सहित कई स्थानों पर सघन तलाश के बाद भी युवती का कटा सिर बरामद नहीं हो पाया। अथक प्रयासों के बाद पुलिस ने हत्यारोपी को दोबारा जेल भेज दिया है। पुलिस अब शव की पहचान पुख्ता करने के लिए डीएनए परीक्षण का सहारा लेगी। इसके लिए मिंकी शर्मा के माता-पिता के खून के नमूने लिए जाएंगे। पोस्टमार्टम के समय सुरक्षित रखे गए नमूनों से डीएनए मिलान कराया जाएगा, ताकि यह प्रमाणित किया जा सके कि सिर कटी लाश मिंकी शर्मा की ही थी।

बता दें की 23 जनवरी की शाम पार्वती विहार, टेढ़ी बगिया निवासी मिंकी शर्मा की संजय प्लेस स्थित दिविशा टेक्नोलॉजी के कार्यालय में निर्मम हत्या कर दी गई थी। मिंकी वहां एचआर के पद पर कार्यरत थीं। पुलिस जांच में सामने आया कि कंप्यूटर ऑपरेटर विनय राजपूत उनसे शादी करना चाहता था, लेकिन मिंकी के इनकार के बाद उसने हत्या की साजिश रच ली। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि वारदात अचानक नहीं हुई थी। विनय पहले से ही हत्या की योजना बना चुका था। शादी से इनकार के बाद वह मानसिक रूप से असंतुलित हो गया था और उसने मिंकी को जिंदा न छोड़ने की ठान ली थी। हत्या के बाद पहचान छिपाने के लिए उसने शव का सिर धड़ से अलग कर दिया। धड़ को बोरे में बंद कर जवाहर पुल से फेंक दिया, जबकि सिर झरना नाला में फेंकने की बात स्वीकार की। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि पुलिस के पास आरोपित के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। सिर की तलाश के लिए जेसीबी मशीन तक लगाई गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मामले में डिजिटल और फोरेंसिक साक्ष्य जुटा लिए गए हैं और जल्द ही आरोपित के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

# साड़ी शोरूम में देर रात लगी भीषण आग

## लाखों रुपये का नुकसान, शोरूम के ऊपर ही सो रहा था परिवार



एनएनआई

**आगरा।** हाईवे स्थित साड़ी शोरूम में शनिवार आधी रात आग लग गई। ऊपरी मंजिल पर सो रहे परिवार ने लपटों को देख पुलिस को सूचना दी। दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद लपटों पर काबू पाया।

आगरा-ग्वालियर हाईवे इटोरा स्थित गंगा साड़ी सेंटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से देर रात अचानक आग लग गई। शोरूम की ऊपरी मंजिल पर दुकान स्वामी भूपेंद्र लवानिया अपनी पत्नी पूजा लवानिया और बेटा शौर्य के साथ सो रहे थे।

रात करीब तीन बजे बेटे की नींद खुली तो घुटन महसूस हुई। आनन फानन में परिवार के लोग बगल की छत पर उतर गए। दुकान स्वामी ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लपटों पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार भूपेंद्र लवानिया ने बताया कि आग में सब कुछ जलकर खाक हो गया। लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# 39 दारोगाओं को किया इधर-उधर

## चौकी प्रभारियों को भी नई जिम्मेदारी

**आगरा एनएनआई।** डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने आगरा में 39 दारोगाओं, जिनमें चौकी प्रभारी भी शामिल हैं, का तबादला किया। फारुख खान को सदर थाने से रकाबगंज थाने की डिवीजन चौकी का प्रभारी बनाया गया। रिक्की कुमार को सदर थाने से सौदागर लाइन सदर चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया। यह फेरबदल पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है इसी तरह अंकित तोमर को सिकंदरा थाने से चौकी प्रभारी सेव का बाजार कोतवाली बनाया गया है। चौकी प्रभारी सेब का बाजार मितेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी सराय ख्वाजा शाहगंज बनाया गया है। इसी तरह अन्य दारोगाओं के ट्रांसफर किए गए।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# शोहदे से परेशान किशोरी ने दी जान, परिवार में मचा कोराहम

एनएनआई

**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के शोहदे से परेशान होकर आत्महत्या के बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजन में आक्रोश है। परिवार का आरोप है कि एक युवक लंबे समय से किशोरी को परेशान कर रहा था और शादी का दबाव बना रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

पीड़ित पिता के अनुसार 28 जनवरी की दोपहर उनकी बेटी अचानक घर से गायब हो गई थी। तलाश के दौरान बेटे ने कथित तौर पर दो युवकों को किशोरी को बाइक पर ले जाते देखा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे, जिसके बाद युवक वहां से चले गए। परिजन किशोरी को घर ले आए।

पीड़ित पिता का कहना है कि घर पहुंचने पर किशोरी ने बताया कि एक युवक उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था। वह रास्ता रोककर अभद्रता करता था और शादी के लिए दबाव बना रहा था। बदनाम करने की धमकी भी देता था। पिता का आरोप है कि घटना की शिकायत लेकर जब वे युवक के घर पहुंचे तो वहां विवाद और गाली-गलौज हुई। इसके बाद किशोरी मानसिक तनाव में आ गई। इसी तनाव के चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पीड़ित पिता ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। एसीपी सैंया डॉ. सुकन्या शर्मा ने बताया कि किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पिता की तहरीर पर आरिफ, साहिल, समीना और अफसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# युवक को अपराधी बनाने में बुरे फंसे 33 पुलिसकर्मी, होगी सीबीआई जांच

एनएनआई

> आगरा में एएनटीएफ में तैनात इंस्पेक्टर सहित कई के नाम फंसाने वालों में

**आगरा।** जेल में बंद एक युवक को मोटरसाइकिल चोरी के फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने के मामले में 33 पुलिसकर्मियों की हाईकोर्ट के आदेश पर अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने सीबीआई जांच की संस्तुति कर दी है। इन 33 पुलिस कर्मियों में वर्तमान में आगरा में भी कुछ पुलिसकर्मी तैनात हैं। इनमें आगरा एएनटीएफ में तैनात इंस्पेक्टर हरवेंद्र मिश्रा, एएनटीएफ में तैनात हेड कांस्टेबल वसीम, आगरा जीआरपी में तैनात हेड कॉन्स्टेबल लोकेश आदि शामिल हैं। इसके अलावा फिरोजाबाद और आसपास के जिलों में कई तैनात हैं। कुछ चार्ज पर बने हुए हैं। अब देखना होगा कि इन्हें साइड लाइन किया जाएगा या नहीं। वर्ष 2018 में मथुरा में हाईवे निवासी सुमित कुमार के भाई पुनीत कुमार को एसओजी ने फर्जी तरीके से गिरफ्तार कर दो दिन तक अपने पास रखकर थर्ड डिग्री दी थी। उसके बाद गोविंद नगर पुलिस के साथ मिलकर चोरी और लूट जैसे पांच मामलों में उसे जेल भेज दिया था। सुमित ने इस बात की शिकायत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग लखनऊ में की थी। आयोग ने मामले का संज्ञान लेकर प्रकरण की जांच पुलिस मुख्यालय लखनऊ की विशेष जांच दल से कराने के आदेश दिए थे। जांच में 33 पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मियों को दोषी पाया गया। 6 सितंबर 2022 को सुमित कुमार की याचिका पर हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश भी पारित किए थे, जिस पर प्रदेश सरकार की ओर से सीबीआई जांच आदेश को वापस करने के लिए पुनर्विचार को याचिका लगाई गई थी। 22 जनवरी 2026 को हाईकोर्ट ने इसे खारिज करते हुए अपर मुख्य सचिव गृह लखनऊ को सीबीआई के लिए जांच को ट्रांसफर करने के आदेश पारित किया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से अनुपालन करने का हलफनामा हाईकोर्ट में दाखिल किया गया है। अब सीबीआई पूरे मामले की जांच करेगी।तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर, तत्कालीन सीओ आलोक दुबे, तत्कालीन सीओ प्रीति सिंह, तत्कालीन सीओ विजय शंकर मिश्रा, तत्कालीन निरीक्षक शिव प्रताप सिंह, रामपाल सिंह, निरीक्षक हरविंदर मिश्रा, अवधेश त्रिपाठी, नितिन कसाना, तत्कालीन उप निरीक्षक और वर्तमान में फिरोजाबाद में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, राजवीर सिंह, धर्मवीर कर्दम, राम फुल शर्मा, सुल्तान सिंह, प्रदीप कुमार, विपिन भाटी, हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, कांस्टेबल सुदेश कुमार आदि शामिल हैं।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
रविवार, 01 फरवरी, 2026


# सशक्त पुलिस, सुरक्षित शहर

## अपराधियों में खौफ भरने को मैदान में कूदी पुलिस

- यमुना पार क्षेत्र में भारी मात्रा में फोर्स के साथ अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च
- गैंगों की कमर तोडने को बनाया खास प्लान, पनाहगारों को भी दी गई नसीहत

एनएनआई







**आगरा।** यमुना पार क्षेत्र में पनप रहे गैंगों की कमर तोडने के लिए पुलिस ने खास प्लान तैयार किया है। शनिवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल कर अपराधी और उनके पनाहगारों को सख्त चेतावनी दी गई। साफ हिदायत दी गई कि कानून से खिलवाड कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा यमुनापार क्षेत्र में चिन्हित किए गए करीब 3 दर्जन बदमाशों को सिजरा निकाला जा रहा है।

एत्माद्दौला क्षेत्र में राज चौहान हत्याकांड के बाद यमुना पार इलाके में गैंगवार के पनपने का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले एक बद माश को मुठभेड में ढेर कर दिया। जबकि इसके कई साथियों को आपरेशन लंगडा के तहत अलग-अलग मुठभेडों में गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि इलाके में करीब तीन दर्जन अपराधी गैंगवार से जुडे हुए हैं।

> जनता में भरोसा जगाने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। इलाके के सभी हिस्ट्री शीटरों का सत्यापन कराया जा रहा है। सभी अपराधियों का सिजरा निकाला जा रहा है। कानून से खिलवाड करने वालों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **अली अब्बास**
> **डीसीपी सिटी, आगरा**

पुलिस ने इन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शनिवार को डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास के निर्देशन में ट्रांस यमुना और एत्माद्दौला क्षेत्र में भारी पुलिसबल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। भारी मात्रा में पुलिसबल को देख एक बार को लोग सकते में आ गए। इस दौरान डीसीपी पश्चिम और सभी एसीपी भी मौजूद रहे।

# हिंदू के सम्मान में.. उतरो सब मैदान में..

### जात-पात की करो विदाई.. हिंदू हिंदू भाई-भाई..



एनएनआई

- गंगे गौरी पार्क बल्केश्वर क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलन के लिए वाहन रैली निकाल कर दिया आमंत्रण

**आगरा।** बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा कल सोमवार को बल्केश्वर स्थित गंगे गौरी पार्क में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए रविवार सुबह गंजी गौरी पार्क से ही पूरे बल्केश्वर क्षेत्र में दो पहिया वाहनों द्वारा विशाल आमंत्रण यात्रा निकाली गई। सनातन की ध्वजा पताका फहराते और जय श्री राम के नारे लगाते स्कूटर और मोटरसाइकिलों पर सवार बल्केश्वरवासियों ने सभी क्षेत्रवासियों को विराट हिंदू सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। हिंदू के सम्मान में, उतरो सब मैदान में और जात-पात की करो विदाई, हिंदू हिंदू भाई-भाई जैसे जोशीले नारों और संदेशों द्वारा हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया गया। रैली का नेतृत्व कर रहे पार्षद हरिओम बाबा ने इस अवसर पर कहा कि ना कोई जात है, ना कोई पात है। संपूर्ण हिंदू समाज अब एक हो रहा है। अब हिंदू डर कर नहीं रहेगा। जो हिंदू को छेड़ेगा, हिंदू उसे अब नहीं छोड़ेगा। बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी निखिल गोयल ने हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान करते हुए सोमवार दोपहर गंगे गोरी पार्क बल्केश्वर में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। आमंत्रण यात्रा में पार्षद हरिओम बाबा, अध्यक्ष निखिल गोयल, महामंत्री स्पर्श जैन, कार्यक्रम अध्यक्ष अनुज गोयल, रमन अग्रवाल, निश्चल गोयल, मुकेश शर्मा, शैलू गौतम, मनीषा भरतिया, ललिता राठौर, ब्रह्मा गुप्ता, प्रथम गोयल, हनी मित्तल, राहुल, केदार ठाकुर, अरुण जैन, कपिल त्यागी, गौरव खंडेलवाल, पियूष गुप्ता, भोला अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रजुआ भाई, राजा चौधरी, मनोज छाबड़ा, राजेंद्र जी, ब्रजेश सिंह, निर्मल गुप्ता, लक्ष्मी नारायण, अशोक जिंदल और ब्रजेश गुप्ता* प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# हमारे डीएनए में वेद और रक्त में संस्कृति प्रवाहित है : स्वामी रामदेव

### आर्य महासम्मेलन के दूसरे दिन वेद, योग और नारी शिक्षा पर मंथन

एनएनआई




**आगरा।** प्रत्येक आर्यजन को सूर्य की भांति तेजस्वी और चंद्र की तरह शीतल, कृतज्ञ एवं विनम्र होना चाहिए। सूर्य और चंद्र हमारे आदर्श हैं। अपने ज्ञान, निष्ठा और पुरुषार्थ के बल पर पूरी दुनिया में परिवर्तन का संकल्प ही आर्यत्व की पहचान है। हम वीर-वीरांगनाओं के उत्तराधिकारी हैं और हमारे डीएनए में वेद समाहित हैं। हमारे रक्त में पूर्वजों का धर्म, संस्कृति, सभ्यता और उनकी संपूर्ण विरासत प्रवाहित हो रही है। ये उद्गार आर्य केंद्रीय सभा की ओर से कमला नगर स्थित जनक पार्क में आर्य महासम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य वक्ता स्वामी रामदेव ने हरिद्वार से वर्चुअल रूप से व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमें अपने भीतर राम की मयार्दा, कृष्ण का योगतत्व और शिव का शिवत्व आत्मसात करना होगा। आर्यत्व को केवल विचार नहीं, बल्कि आहार, वाणी, व्यवहार और आचरण में जीना होगा।

मुख्य अतिथि ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि वेद मानवता को समानता, सदाचार और कर्म प्रधान जीवन का संदेश देते हैं, जो आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गया है। कन्या गुरुकुल सासनी की अधिष्ठाता आचार्या पवित्रा ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने नारी शिक्षा को समाज सुधार का मूल आधार बताया था। आर्य समाज की देन है कि आज गुरुकुलों के माध्यम से कन्याएं वेद, विज्ञान और संस्कारों से युक्त शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। नारी का सशक्तिकरण केवल नारों से नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, शिक्षा और संस्कारों से होता है। वक्ता स्वामी आर्यवेश ने कहा कि अष्टांग योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि के माध्यम से आत्म-मुक्ति की ओर ले जाने का मार्ग है।

प्रधान सीए मनोज खुराना ने बताया कि सम्मलेन की शुरूआत सुबह योग, प्राणायाम, पांच कुण्डीय यज्ञ एवं ध्यान साधना से हुई। परिसर में आर्य समाज के साहित्य की प्रदर्शनी लगायी। सांय सत्र में सबसे पहले महर्षि दयानन्द पर आधारित फिल्म दिखाई गयी। स्वामी ने कहा अष्टांग योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि के माध्यम से आत्म-मुक्ति की ओर ले जाने का मार्ग है। यम और नियम से व्यक्ति के आचरण में नैतिकता, सत्य, अहिंसा और संयम का विकास होता है। अष्टांग योग केवल साधना नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो मनुष्य को आत्मिक स्वतंत्रता और परम शांति प्रदान करता है। संचालन आर्य अश्वनी ने किया। इस अवसर पर संयोजक प्रदीप कुलश्रेष्ठ, मंत्री वीरेंद्र कनवर, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, उमेश पाठक, अनुज आर्य, विकास आर्य, ऋषि मोहन ठाकुर, नमिता शर्मा, विद्या गुप्ता, रंगलाल गौतम, भारत भूषण शर्मा, अनूप आर्य, देव सरन, यतेंद्र आर्य, प्रदीप डेम्बल, प्रेमा कनवर, सुमन कुलश्रेष्ठ, वंदना आर्य आदि मौजूद रहे।

## नगेंद्र प्रताप होंगे जनपद के नए मंडलायुक्त

**आगरा (एनएनआई)।** आईएएस अधिकारी नगेंद्र प्रताप जनपद के नए मंडलायुक्त होंगे। वे सेवानिवृत्त हुए शैलेंद्र कुमार सिंह का स्थान लेंगे। नगेंद्र प्रताप वर्तमान में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात हैं। इससे पहले वे आगरा में मुख्य विकास अधिकारी



(सीडीओ) और मथुरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। आगरा मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 20 जनवरी 2025 को आगरा मंडलायुक्त का पदभार संभाला था। इससे पूर्व वे मथुरा के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। प्रमोशन के साथ ही उन्हें आगरा का मंडलायुक्त बनाया गया था।

## सेवानिवृत्त मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह का मनाया विदाई समारोह

एनएनआई

**आगरा।** मंडल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर आयुक्त सभागार में शुभ विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी, एडीए सचिव एम अरुणमौली, अपर आयुक्त न्यायिक मंजू लता , अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम महोबा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविंद वर्मा, आयुक्त पीए पदम चंद मिश्रा एवं श्रीकांत शर्मा, मंडलीय सांख्यिकी अधिकारी, खाद्य उपायुक्त सहित बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण, क्षेत्र बजाजा कमेटी के साथ आयुक्त कार्यालय से जुड़े समस्त कर्मचारियों द्वारा मण्डल आयुक्त को माला साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



## बेमौसम बारिश और सिंचाई विभाग के बंबा ने एक साथ मचाई 'तबाही'

एनएनआई

**एत्मादपुर।** तहसील क्षेत्र के किसानों के खेतों में लहलहाती फसलों में बीती रात दो बजे अचानक शुरू हुई बेमौसम बारिश और सिंचाई विभाग के बंबा ने एक साथ तबाही मचा दी। कड़ाके की ठंड में बेमौसम बारिश होने पर आलू-सरसों और गेहूं-ज्वार की फसलों में पानी भर गया। वहीं हाथरस की मांट ब्रांच से पोषित सहपऊ राजवाहा की जगह-जगह पटरी कटने से ग्राम पंचायत बैनईकलां, नगला चौबसिंह, नगला ताज आदि गांवों के आसपास सैकड़ों बीघा खड़ी फसलें जलमग्न हो गईं । सुबह घरों से खेतों पर पहुंचे किसानों ने एकत्रित होकर बंबा के पानी को रोकने के प्रयास शुरू किए। पीड़ित किसानों ने बताया कि क्षेत्र के दर्जनों किसानों की फसलें बंबा के पानी से प्रभावित हुई हैं। बंबा की साफ-सफाई में बरती गई अनियमितता का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। चावली और नगला ताज के बीच राजवाहा में अत्यधिक कूड़ा-करकट जमा होने से पानी का बहाव रुक गया और फिर ओवरफ्लो होकर कई जगह से कट गया। वहीं रात दो बजे से आज सुबह आठ बजे तक रूक-रूक कर हुई बेमौसम बारिश से खेतों में खड़ी फसलों में पानी भरने के अलावा गांव के रास्ते भी दलदल में तब्दील हो गए हैं। नगर के राजकीय आदर्श विद्यालय मैदान पर आज आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन का स्थल पर भी दलदल की स्थिति पैदा हो गई।

## एससी/एसटी उद्यमियों को सरकारी नीतियों से कराया अवगत

### सीएफटीआई में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया

एनएनआई

**आगरा।** नेशनल एससी/एसटी हब द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एससी/एसटी उद्यमियों को सरकारी नीतियों व योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी नेशनल एससी/एसटी हब आगरा द्वारा सीएफटीआई में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों को भारत सरकार की विभिन्न नीतियों, योजनाओं एवं सुविधाओं से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी मर्सी ईपाओ रहीं। उन्होंने अपने




संबोधन में नेशनल एससी/एसटी हब की भूमि भूमिका, उद्देश्य एवं उपलब्ध सहयोग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह हब एससी/एसटी उद्यमियों को वित्तीय सहायता, तकनीकी सहयोग, क्षमता निर्माण, सरकारी खरीद (पब्लिक प्रोक्योरमेंट) एवं बाजार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सूर्यवंशी ने एससी एसटी उद्यमियों को मौजूदा नीतियों के साथ जुड़ने और शत प्रतिशत सहयोग देने की बात रखी। उन्होंने विशेष रूप से पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के अंतर्गत एससी/एसटी एमएसएमई इकाइयों के लिए निर्धारित 4 प्रतिशत अनिवार्य खरीद लक्ष्य, ज्रैट पोर्टल पर पंजीकरण, ई-मार्केटिंग, ई. टेंडरिंग तथा एमएसई को प्राथमिकता से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सचिन राजपाल प्रिंसिपल डायरेक्टर पीपीडीसी एवं सीएफटीआई आगरा द्वारा उत्पादन विकास, टूल रूम सुविधाएं एवं तकनीकी सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। ईश्वर सिंह सहायक निर्देशक कौशल विकास, डिजाइन, गुणवत्ता उन्नयन एवं प्रशिक्षण से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। एमएसएमई-डीएफओ अभिषेक सिंह ने उद्यम पंजीकरण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम , क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी, मुद्रा योजना एवं अन्य एमएसएमई नीतियों पर जानकारी साझा की। नेत्र पाल सिंह राष्ट्रीय महासचिव बहुजन सशक्तिकरण संघ ने आगरा में नए युवा उद्यमियों को टोरंट पावर द्वारा 5 किलो वाट का विद्युत संयोजन न देने का मुद्दा उठाया। जिसके कारण नए कारखाने नहीं लग पा रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री चाहते हैं कि युवा व्यापार की ओर बढ़ें और इसके लिए राज्य सरकार ने विशेष योजनाएं चला रखी हैं ।

## लाइव पेंटिंग बनाकर गर्भ संस्कार और मातृत्व चेतना का संदेश देंगे चित्रकार

### चित्रलेखा द विलेज ऑफ आर्ट्स सोसायटी द्वारा गर्भ संस्कार एवं मेटरनिटी होम पर आयोजित होगी आर्ट कार्यशाला, आयोजकों ने पोस्टर किया जारी

एनएनआई

**आगरा।** ललित कला संस्थान, आगरा की पूर्व निदेशक और वर्तमान में मेवाड़ विश्वविद्यालय, राजस्थान की महानिदेशक जानी मानी चित्रकार प्रो. (डॉ.) चित्रलेखा सिंह के निर्देशन में चित्रलेखा द विलेज ऑफ आर्ट्स सोसायटी एवं लाला चंद्रभान जी साबुन वाले सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित गर्भ संस्कार एवं मेटरनिटी होम द्वारा प्रताप नगर स्थित गर्भ संस्कार एवं मेटरनिटी होम पर अद्वितीय और ऐतिहासिक आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

गर्भ संस्कार केंद्र पर जन जागरूकता के लिए आयोजकों द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया गया। डॉ. चित्रलेखा सिंह, राजीव जैन, सचिन गोयल, पारुल जैन, डॉ. जागृति अग्रवाल, राजकुमार गर्ग एवं आशीष गर्ग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। डॉ. सुधा बंसल, डॉ. सुनीता गर्ग और कांता माहेश्वरी भी इस आयोजन से जुड़ी हुई हैं। डॉ. चित्रलेखा सिंह ने बताया कि मातृत्व चेतना के साथ गर्भ संस्कार का संदेश जन-जन को प्रदान करने के लिए संभवतः विश्व में पहली बार भारतीय संस्कृति से जुड़े इस अनूठे, दिव्य और जरूरी विषय पर एक आर्ट कार्यशाला का आयोजन उनके मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसमें डॉ. त्रिलोक शर्मा, डॉ. मंजू बघेल, डॉ. मधु गौतम, डॉ. त्रिगुणातीत जैमिनी, सुदेश कुमार, कमलेश्वर, नरेश, राहुल, सम्यदेव मोंडल और विपिन उपाध्याय सहित आगरा और देश के 10 वरिष्ठ और युवा चित्रकार लाइव पेंटिंग बनाकर गर्भ संस्कार और मातृत्व चेतना का संदेश देंगे। नई पीढ़ी के हृदय में गर्भ संस्कार एवं मातृत्व चेतना के प्रचार प्रसार के लिए आगरा के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ रहे स्नातक एवं परा स्नातक छात्र-छात्राओं के लिए गर्भाधान संस्कार विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी कई दिनों से चल रहा है। आर्ट कार्यशाला के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गर्भ संस्कार विषय पर बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 3 फरवरी तक जारी रहेगी।



# सचिव ने किया महिला राजकीय संरक्षण गृह का निरीक्षण

- संस्थान की समुचित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने के दिए निर्देश

एनएनआई



**आगरा।** राजकीय संरक्षण गृह (महिला) का विनीता सिंह,सचिव (पूर्ण कालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था में निवासरत संवासनियों का चिकित्सक/डॉक्टर के द्वारा संस्थान में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा था। विनीता सिंह, सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा संस्थान में निवासरत संवासनियों के कक्ष एवं संवासनियों को दिए जा रहे चिकित्सा उपचार, संस्थान की साफ-सफाई व पढ़ाई लिखाई, इत्यादि के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रभारी अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि संस्था में निवासरत संवासनियों के सर्वांगीण विकास के लिए के पढ़ाई लिखाई, दैनिक योगा (मेडिटेशन), इत्यादि के सम्बन्ध में विशेष ध्यान दिये जाने तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरुस्त कराए जाने व संस्थान की समुचित साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि किसी संवासनियों को किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता है तो उसका प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगरा में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक कंचन वर्मा व संस्था के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मेरा युवा भारत के नवीन युवा मण्डलों की बैठक हुई संपन्न

एनएनआई

**आगरा।** मेरा युवा भारत आगरा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी श्रवण कुमार सहगल के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हैं। युवा मंडल विकास अभियान के गठन होने के बाद में समस्त युवा / युवती मण्डलों की बैठक नीबरी विकासखंड फतेहाबाद मे आयोजित कराई गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता रवि मुखिया ने की साथ में कार्यक्रम संचालक मनीष लोधी और कार्यक्रम आयोजक मुदित कुशवाह, अध्यक्ष युवा मंडल नीबरी ने की। कार्यक्रम संचालक मनीष लोधी ने बताया कि समस्त नवीन युवा / युवती मंडल के सभी अध्यक्षों को भारत सरकार की समस्त योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाने एवं युवाओं को खेलो के लिए प्रेरित करने के विषय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम आयोजन मुदित कुशवाह अध्यक्ष ने बताया कि इस मुहिम से ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा और युवाओं को एक मंच प्रदान होगा क्योंकि शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास बहुत ही कम है और सीमित साधन है उनके लिए साधनों को बढ़ावा देना और सरकार की योजनाओं जैसे स्वच्छता अभियान जल शक्ति मिशन, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, टीकाकरण अभियान, पर्यावरण आदि ऐसे प्रोग्राम को धरातल पर उतरना जिससे हर एक युवा विकसित हो और देश के लिए समर्पित हो। इस बैठक में समस्त युवा मंडल अध्यक्ष एवं सचिव जस्टिस राव , यशपाल, हेमंत, साहिल कुशवाह, देवेंद्र, आकाश पचौरी आदि सदस्य और ग्रामवासी क्षेत्रवासी मौजूद रहे ।

## विज्ञान मॉडल में पंचर डिटेक्टर अलार्म ने पाया प्रथम स्थान



एनएनआई

**आगरा।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आगरा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विज्ञान मॉडल मॉडल प्रतियोगिता में अछनेरा विकास क्षेत्र की रैपुरा अहीर की छात्रा खुशी के मॉडल पंचर डिटेक्टर ने प्रथम, विकास क्षेत्र खैरागढ़ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुकंडई के छात्र पीयूष के मॉडल डबल वॉल इंसुलेटर ने द्वितीय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय करवल जगनेर की छात्रा भारती के मॉडल शॉर्ट सर्किट सेफ्टी अलार्म ने तृतीय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पथोली प्रथम के छात्र अजय के मॉडल एंटी सुसाइड फैन ने चतुर्थ तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मानिकपुरा पिनाहट के छात्र हर्ष के मॉडल वॉइस कंट्रोल कार ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया गया । मॉडल प्रतियोगिता में 6 से 10 तक स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । जनपद स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र बिचपुरी ने प्रथम, विकास क्षेत्र अकोला ने द्वितीय तथा विकास क्षेत्र शमशाबाद एवं जगनेर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर बोलते हुए उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डायट आगरा अनिरुद्ध यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत करने की दृष्टि से आयोजित की जाती हैं।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डाइट प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार सिंह, प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय, प्रवक्ता अंकुश अग्रवाल एवं रोली गौड़ ने किया। जिला समन्वयक प्रशिक्षण कुलदीप तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 61 छात्र छात्राओं ने मॉडल तथा 65 छात्र छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। दोनों प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को बैग एवं स्टेशनरी तथा ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान किया गया।



## बल्केश्वर चौराहे पर हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

एनएनआई

**आगरा।** विश्व शांति हिंदू महासम्मेलन समिति द्वारा आज बल्केश्वर चौराहे हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ, महा आरती ओर प्रसाद वितरण किया गया, क्षेत्रीय पार्षद मुरारी लाल गोयल व पार्षद श्रीमती पूजा बंसल ने बताया की 8 फरवरी 2026 को होने वाले महा विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आज से प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ श्री हनुमान जी से अरदास लगाकर सब ने प्रार्थना की सब यही कामना कर रहे हैं कि बाबा कृपा करना और महा विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाना साथ प्रसाद वितरण भी किया गया ,क्षेत्र वासियों हमारे सभी गणमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ इस आयोजन में मंदिर महंत राज किशोर चतुर्वेदी नरेंद्र तनेजा, सुरेश बरेजा, सुमन गोयल, श्री गिरिराज बंसल, कुंदनका शर्मा, ममता शर्मा कुमकुम उपाध्याय, दुर्गेश शर्मा, सत्येंद्र पाठक,मीनाक्षी शर्मा ,मयंक खंडेलवाल,इन्द्र डाबर, विनय अग्रवाल, विश्वनाथ भारद्वाज,आदि उपस्थित रहे।

# शादी के बाद दिव्यांगजनों को 35 हजार की प्रोत्साहन राशि दे रही योगी सरकार

एनएनआई

**आगरा।** योगी सरकार समाज के हर वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में दिव्यांगजनों के जीवन में खुशहाली लाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन योजना' मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से अब दिव्यांगजन आर्थिक तंगी की चिंता किए बिना अपना वैवाहिक जीवन शुरू कर सकते हैं, क्योंकि सरकार उन्हें अधिकतम 35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि दिव्यांगजन भी सम्मानजनक और गरिमापूर्ण जीवन जिएं। अक्सर आर्थिक बाधाओं और सामाजिक संकोच के कारण दिव्यांगजनों के विवाह में कठिनाइयां आती थीं, जिन्हें दूर करने के लिए यह योजना लागू की गई है। यदि युवक दिव्यांग है तो उसे 15 हजार रुपये और यदि युवती दिव्यांग है तो उसे 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यदि दोनों (पति-पत्नी) दिव्यांग हैं, तो उन्हें कुल 35 हजार रुपये की धनराशि सीधे उनके संयुक्त बैंक खाते में भेजी जाती है। यह राशि नए दांपत्य जीवन की शुरूआत के लिए एक बड़ा आर्थिक संबल प्रदान करती है, जिससे दिव्यांग

- जीवन में खुशहाली ला रही दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन योजना
- विवाह पंजीकरण के छह माह के भीतर करना होगा ऑनलाइन आवेदन



दंपत्तियों में आत्मविश्वास बढ़ा है।

आगरा जिले में पिछले कुछ वर्षों में इस योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी है। वर्ष 2021-22 में 07, 2022-23 में 06, 2023-24 में 15, 2024-25 में 10 लाभार्थी थे। वर्ष 2025-26 में अब तक 06 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल चुका है। शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आगरा विभाग को 14 शादियों का लक्ष्य दिया है, जिसे पूरा करने के लिए विभाग सक्रियता से कार्य कर रहा है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्ञान देवी ने बताया कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज में समानता का अधिकार दिलाना है। 'दिव्यांग शादी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना' के माध्यम से हम उन्हें एक स्थिर सामाजिक जीवन की ओर प्रेरित कर रहे हैं। हमारा विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस लाभ से वंचित न रहे। पारदर्शिता के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है और सत्यापन के बाद राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है।

**ऐसे कर सकते हैं आवेदन**

पात्र दिव्यांग दंपत्ति विवाह के छह माह के भीतर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र (सीएमओ द्वारा जारी), आय प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की प्रति जैसे दस्तावेज अनिवार्य हैं। आवेदन के सत्यापन के बाद प्रोत्साहन राशि सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित कर दी जाती है।

# हाइवे जाम करने की 'धमकी' मिलते ही पहुंचे अफसर

- कुबेरपुर में चल रहा धरना रात्रि आठ बजे एसडीएम और इंस्पेक्टर के आश्वासन के बाद स्थगित

एनएनआई



**एत्मादपुर।** जनसमस्याओं की अनदेखी और उपेक्षा से त्रस्त होकर कड़ाके की ठंड में हाइवे किनारे ग्राम पंचायत भागूपुर-कुबेरपुर और धौर्रा-गदपुरा क्षेत्र की पीड़ित जनता का शुक्रवार को दोपहर शुरू हुआ बेमियादी धरना शनिवार की शाम अगले दिन हाइवे जाम करने की धमकी दिए जाने के दो घंटे बाद

बीती रात्रि आठ बजे एसडीएम एवं थाना प्रभारी निरीक्षक के संबंधित महकमों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का जल्द समाधान कराए जाने के मौखिक आश्वासन पर समाप्त हो गया।

कुबेरपुर चौराहे पर हाइवे किनारे नवविकसित कालोनी के गेट पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) अराजनैतिक की युवा विंग के मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार यादव के नेतृत्व, शिवदेव बघेल के



ठंड के थपेड़ों से रातभर जूझे 'जंगजू'

एनएनआई

एत्मादपुर। प्राकृतिक सौंदर्य के पुष्पों को अभिलाषा के इतर बलिदान कर चुनाव के समय वोट की शक्ति देकर जिंदाबाद-जिंदाबाद करने वाले देवतुल्य मतदाता आज हाय-हाय कर रहे हैं। जिंदगानी की सहूलियत की आशाएं धूलधूसरित होने पर हाड़ कंपा रही कड़कड़ाती ठंड में रात एक बजे अमूल्य वोट के इन जंगजू धनवानों के दिलो-दिमाग में आक्रोश की ज्वाला

उनकी बेहाली पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यहां हाइवे पर इस पार से उस पार जाने वाले स्कूली बच्चों और आम

(एसीपी) देवेश कुमार सिंह उन्हें मनाने थाना प्रभारी निरीक्षक (अपराध) जेपी तिवारी संग पहुंचे।

"आंदोलनकारियों की सभी जायज हैं। जिलाधिकारी मलप्पा बंगारी को मौके पर इनका प्रभावी समाधान चाहिए। अगर भीषण सर्दी के में किसी भी आंदोलनकारी तबीयत बिगड़ी तो इसकी जिम्मे आगरा प्रशासन की होगी।

मनोज कुमार शर्मा,
अध्यक्ष किसान

संयोजकत्व में चल रहे धरना को समाप्त कराने बीती रात्रि आठ बजे एसडीएम सुमित कुमार सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित सभी विभागों के सक्षम अधिकारियों के साथ जल्द से जल्द औपचारिक बैठक कराकर सभी जनसमस्याओं का उचित समाधान कराया जाएगा। इसके बाद धरना-प्रदर्शन स्थगित किए जाने की घोषणा कर दी गई। धरना स्थल पर दिन में समाजवादी पार्टी के नेता भी पहुंचे। उन्होंने सरकार और अधिकारियों पर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं की अनदेखी के आरोप लगाया। इधर दिनभर कोई अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा तो शाम को अगले दिन हाइवे पर शामियाना तानकर धरना देने की घोषणा कर दी गई। इसके दो घंटे बाद मौके पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और फिर उन्होंने धरना-प्रदर्शन समाप्त करा दिया। इस दौरान डा.अनिल कुमार, राजकुमार दीक्षित, सौरभ यादव, पंकज कुमार, राजू चौहान, तेजवीर सिंह सिकरवार, मुकेश कुमार, रामनरेश, नाथू सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोहर लाल, जंग बहादुर सिंह, अतुल कुमार, लख्मीचंद बघेल, अनिल सिकरवार आदि मौजूद थे।

# दबंगों की दबंगई ने ली किशोरी की जान

एनएनआई

**मलपुरा।** मलपुरा थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने आत्महत्या कर ली। आरोप है कि पड़ोस के युवक आरिफ और उसके मामा ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की कोशिश की, जिससे आहत होकर उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

परिवार का आरोप है कि आरोपी आरिफ, उसकी मां समीना, भाई अफसर और मामा साहिल ने किशोरी के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पुलिस की कथित निष्क्रियता के चलते आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार दहशत में जीवन जीने को मजबूर है। लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर रोष है।

थाना प्रभारी राजेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

# मिट्टी खनन का वीडियो प्रसारित



**पिनाहट** एनएनआई। मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली जो गांव से होकर गुजरने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर दिनभर प्रसारित होता रहा है। जिसमे वीडियो बनाने पर झगड़ा भी होता नजर आ रहा है।

शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर एक मिनट 13 सेकेंड का एक वीडियो प्रसारित हुआ। जिसमें एक ट्रैक्टर मिटठी भरी ट्रोली लेकर गांव में कीचड़ भरी गलियों से गुजर रहा है। वीडियो पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ये वीडियो थाना मनसुखपुरा के गांव करकोली के उप गांव पोखपुरा का है। बड़े पैमाने पर ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध रूप से मिट्टी खनन हो रहा है। खनन माफिया तेज गति से गांव की गलियों में ट्रैक्टरों को दौड़ाते हैं। जिससे लोग परेशान हैं। शनिवार सुबह करीब आठ बजे खनन माफिया ने वीडियो बनाने पर एक ग्रामीण पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया था। जिससे बाद में झगड़ा भी हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां रातभर खनन माफिया गलियों में ट्रैक्टर दौड़ाते हैं। कुछ भी कहने पर गाली गलौज करने लगते हैं। थानाध्यक्ष मनसुखपुरा नीरज बाबू ने बताया कि परमीशन के बाद अपने खेत से अपने घर पर मिट्टी ले रहा था। झगडे के मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नकली डीएपी खाद, फिर पैसे वापसी में भी घपला

एनएनआई

**पिनाहट।** दुकानदार ने महगें दाम बसूल कर नकली डीएपी खाद किसानों को थमा दी। जब खाद ने खेत में कोई असर नहीं दिखाया, तो किसानों की शिकायत पर घबरा दुकानदार ने पैसे वापसी के नाम पर चेक थमा दिया। जिसमें फर्जी हस्ताक्षर होने पर कमिश्नर के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना मनसुखपुरा के गांव औंध के रहने वालें किसान पंकज सिंह, होलीराम, संतोष, राजेश, रामनरेश, राहुल, संजय, राजपति, रामलाल ने 23 सितम्बर 2025 को 127 कट्टे डीएपी खाद के 1552 रुपये प्रति कट्टे के भाव से गांव पापरीनागर के तेजसिंह की दुकान से खरीदें थे। खेत में डालने के कई दिनों बाद भी खाद घुली नहीं। तो किसानों को समझ आ गया कि ये नकली खाद है । किसानों ने जब दुकानदार शिकायत की तो तेजसिंह ने माफी मांगी और सबके पैसे वापस करने के लिए एक चैक एक लाख 97 हजार का एक चैक किसान पंकज सिंह की पत्नी वीनेश के नाम से दे दिया। जिसे बैंक मे लगाने पर हस्ताक्षर डिफर होने के कारण 24 अक्टूबर 2025 को चैक बाउंस हो गया। तब से सभी किसान दुकान के चक्कर लगा रहे हैं। दुकानदार जान से मारने की धमकी देकर भगा देता है। किसानों ने आरोप लगाया कि बचे हुए खाद के कट्टों को भी वापस नहीं ले रहा है। वहीं किसानों ने मामले की शिकायत कमिश्नर दीपक कुमार से की। जिस पर संज्ञान लेते हुए तीस जनवरी को आरोपित किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष मनसुखपुरा नीरज बाबू ने बताया कि कमिश्नर सहाब के आदेश पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निरीक्षण में गंदगी, 13 एसएफआई पर गिरी गाज; आठ का किया तबादला

एनएनआई

**आगरा।** जिले में सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों को कई जगह गंदगी मिली। इस पर नगरायुक्त ने स्वच्छता अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए कई के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले नगर आयुक्त के निर्देश पर निरीक्षण करने निकले अफसरों को शहर में कई जगह गंदगी मिली। सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर 13 स्वच्छता अधिकारियों एवं सफाई नायकों के कार्यक्षेत्र बदल दिए गए। इनमें 8 एसएफआई और 5 सफाई नायकों पर कार्रवाई की गई है।

अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने बताया कि मुख्य स्वच्छता निरीक्षक (सीएसएफआई) एवं स्वच्छता निरीक्षकों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया गया। सेनेटरी इंस्पेक्टर लकी शर्मा, जितेन्द्र गौतम, प्रदीप गौतम, मनोज पाल, मुनेश कुमार, राघवेन्द्र सिंह, मलखान सिंह, योगेंद्र कुशवाह को उनके पुराने क्षेत्र से हटाकर दूसरी जगह तैनात किया गया है।वहीं, एसएफआई इंद्रपाल सिंह को जेडएसओ मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। प्रभारी जेडएसओ (छत्ता) आशुतोष वर्मा को कुछ वार्डों की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, 11 सफाई नायकों में से पांच का कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर उन्हें कार्यालयों से संबद्ध कर दिया गया। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि नवीन तैनाती वाले वार्ड में जॉइन करने पर ही वेतन जारी होगा।



# शब-ए-बारात को लेकर पुलिस ने की पीस बैठक

**बाह** एनएनआई। शब-ए-बारात रविदास जयन्ती एवं 1 फरवरी को भारत बंद के ऐलान को लेकर शनिवार को बाह थाने में पुलिस ने संभ्रांतजनों के साथ बैठक कर शांति एवं सौहार्द की अपील की। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया प्रबंध और व्यवस्थाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया चेतावनी भी दी कि माहौल बिगाड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। इस दौरान बाह थाने के एस आई रामनरेश जसवन्त सिंह मुकेश कुमार ब सभ्रात जन दया शंकर बौहरे सिराजुद्दीन अंसारी, रहीश अंसारी, गुफरान अहमद, इमामुद्दीन अंसारी, जय प्रकाश, पंडित ब्रजेश शास्त्री, यूसुफ अंसारी, ब्रह्मचारी, अनिल गुप्ता, फरेन्द्र सिंह, शमसुद्दीन, जितेन्द्र सिंह, राजकुमार, अर्जुन सिंह, सुलेमान रहीस अंसारी इमामुद्दीन अंसारी युसुव अंसारी नीरज कुमार सुनील कुमार आदि रहे।

# परम ओंकार मंदिर में सरस कवि सम्मेलन चार फरवरी को

**मथुरा** एनएनआई। टाउनशिप स्थिति ओंकारेश्वर कॉलोनी के परम ओंकार मंदिर में शब्द सृजन संस्था (पंजीकृत), दिल्ली एन.सी.आर. के द्वारा सरस कवि सम्मेलन 04 फरवरी को अपराह्न 03 बजे से टाउनशिप स्थित शक्तिधाम मंदिर के अधिष्ठाता आचार्यश्री पीताम्बर महाराज के पावन सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए शब्द सृजन संस्था (पंजीकृत), दिल्ली एन.सी.आर. के संस्थापक अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, विश्व रिकॉर्ड धारक डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया है कि काव्य सम्मेलन में दिल्ली, गाजियाबाद आगरा,मथुरा आदि स्थानों के श्रेष्ठ कवि गण काव्य पाठ करेंगे।जिनमें डॉ. ओंकार त्रिपाठी (दिल्ली), "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी (वृन्दावन), डॉ. ब्रजभूषण चतुर्वेदी (वृन्दावन), राजीव सिंघल (गाजियाबाद), गार्गी कौशिक (गाजियाबाद), रुपेश धनगर (मथुरा) व डॉ. राधाकांत शर्मा (वृन्दावन) आदि कविगण प्रमुख रूप से भाग लेंगे।

कवि सम्मेलन के संयोजक डॉ. राजीव पाण्डेय ने सभी साहित्य प्रेमियों से इस सरस कवि सम्मेलन में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

## संपादकीय

# मजबूत संदेश है मदर डील

डोनाल्ड ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करके मजबूत संदेश दिया है।प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर ने इस सर्वाधिक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की घोषणा कर नई विश्व-व्यवस्था की बुनियाद रख दी। दोनों पक्षों ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी। इसके बावजूद एफटीए के लागू होने में अभी कम-से-कम एक वर्ष लगेगा। इसके तहत मिलने वाली रियायतों के संपूर्णतः लागू होने में तो सात साल लगेंगे। ईयू में ऐसे समझौतों पर मुहर लगने की प्रक्रिया दुरूह है। मसलन, अब समझौते के प्रारूप का वहां प्रचलित 24 भाषाओं में अनुवाद होगा। संबंधित देशों की हरी झंडी मिलने के बाद यूरोपीय संसद उसे पारित करेगी।उस प्रक्रिया से होकर निकले प्रारूप पर तब जाकर दस्तखत हो पाएंगे। चूंकि विवादास्पद मुद्दों को फिलहाल एफटीए से अलग रखा गया है, इसलिए संभावना है कि उपरोक्त प्रक्रियाएं निर्बाध पूरी हो जाएंगी। कृषि, निवेश संरक्षण, कार्बन टैक्स आदि फिलहाल एफटीए में शामिल नहीं हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत और ईयू के बीच व्यापार 136.5 बिलियन डॉलर का था। एफटीए लागू होने के बाद इसमें 41- 65 प्रतिशत तक वृद्धि होने का अनुमान है। अमेरिका के लगाए टैरिफ से भारत के जीडीपी को 1.6 फीसदी नुकसान का अंदाजा लगाया गया था। संभावना है कि उसमें से लगभग आधे की भरपाई ईयू से बढ़ने वाले व्यापार से हो जाएगी। इससे ईयू के वस्त्र बाजार में भारतीय उत्पाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पादों का बाजार छीन पाएंगे।मगर महंगे वाहनों, नासपाती, कीवी, स्टील, फूड प्रोसेसिंग आदि के भारतीय कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। बहरहाल, बदलती हुई दुनिया में निर्यात केंद्रित अर्थव्यवस्थाएं ऐसे ही उपायों से अपनी मुश्किलों से निकलने की जद्दोजहद कर रही हैं। पिछले हफ्ते दावो में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आह्वान किया था कि मध्यम श्रेणी की ताकतें उत्पीड़न से बचने के लिए मिल-जुल कर रास्ता निकालें। उसी तरह की एक राह निकालने की कोशिश भारत-ईयू ने की है। व्यापक और विश्व व्यवस्था परिवर्तनकारी इसलिए माना जा सकता है, क्योंकि पहली बार 193 करोड़ से अधिक की आबादी एक एफटीए के दायरे में होगी। भारत-यूरोप की अर्थव्यवस्था दुनिया की जीडीपी की 25 फीसदी है और दुनिया का एक-तिहाई व्यापार दोनों के बीच है, जिसे 2032 तक 40 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। यूरोपीय संघ विश्व की दूसरी (27 देशों को मिला कर) और भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा यह मदर डील ही है। इस एफटीए से अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ दादागीरी का बड़ा रचनात्मक और शालीन जवाब दिया गया है। इसके अलावा, चीन के समानांतर भारत को इनोवेशन एंड मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने का लक्ष्य तय कर चीनी वर्चस्व को भी चुनौती दी गई है, लिहाजा वाकई यह मदर ऑफ ऑल डील्स है। चीन में करीब 1700 यूरोपीय कंपनियां सक्रिय हैं। क्या अब वे भारत शिफ्ट हो सकती हैं? इसकी प्रबल संभावना बन गई है। गौरतलब यह है कि जब 2027 में यह एफटीए यूरोप के सभी 27 देशों में लागू हो जाएगा, तब भारत के 99 फीसदी से अधिक उत्पाद, सामान या तो टैरिफ-मुक्त होंगे अथवा रियायती शुल्क ही देना पड़ेगा। मसलन-जैतून का तेल, वनस्पति तेल, ऑप्टिकल उपकरण, मशीनरी, रासायनिक एवं सर्जिकल उपकरण, फार्मा (खासकर जेनेरिक दवाएं), वस्त्र, रत्न-आभूषण, चमड़ा एवं जूते-चप्पल, चॉकलेट, पास्ता आदि लंबी सूची है।अधिकतर उत्पादों और उपकरणों को टैरिफ-मुक्त तय किया गया है। करीब 2 ट्रिलियन डॉलर के यूरोपीय बाजार में 2030 तक भारतीय उत्पादों का निर्यात 300 अरब डॉलर तक ले जाने का भी लक्ष्य रखा गया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर ने खुलासा किया है कि 4 अरब यूरो से अधिक के टैक्स खत्म करने का फैसला किया गया है। इससे दोतरफा व्यापार बढ़ेगा, लाखों नौकरियां पैदा होंगी, दोनों पक्षों की प्रतिभाएं, छात्र, शोधार्थी और पेशेवर एक-दूसरे के देशों में सहजता से आ-जा सकेंगे।गौरतलब यह भी है कि भारत की करीब 1500 कंपनियां फिलहाल यूरोप में सक्रिय हैं। एफटीए के बाद नीदरलैंड से प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा, लिहाजा 2030 तक भारत विश्व के शीर्ष 5 सेमीकंडक्टर हब में आ सकता है। फ्रांस, जर्मनी, इटली सरीखे देश भारत में रक्षा-फैक्टरियां स्थापित कर सकेंगे। अभी यूरोपीय कारें भारत में बहुत महंगी पड़ती हैं, क्योंकि उन पर 110 फीसदी टैक्स है। अब आगामी पांच साल में, चरणबद्ध तरीके से, यह टैक्स मात्र 10 फीसदी तक लाया जाएगा। जो लोग ऑडी, मसेर्डीज, फॉक्सवैगन, पोर्शे, बीएमडब्ल्यू सरीखी यूरोपीय कारों के शौकीन हैं, उनके लिए यह एफटीए भारी बचत की खबर लाया है। अब यूरोपीय बीयर पर टैरिफ 50 फीसदी कम किया गया है और शराब पर 40 फीसदी ही टैक्स लगेगा, जबकि अभी यह टैक्स 150 फीसदी तक है। भारत-यूरोप की यह मदर डील बहुआयामी है, क्योंकि यह बहुपक्षीय गठबंधन की पक्षधर है। इससे भविष्य को लेकर फिलहाल माहौल में सकारात्मकता आई है। इसमें एक मजबूत संदेश निहित है।दुनिया के देश किसी एक-दो देशों की धमकियों के दबाव में कांपते और डरते न रहें, लिहाजा ऐसी डील कर जवाब दिया गया है।

# आज से 6 बड़े बदलाव

## सिगरेट के दाम 40% तक बढ़े, फास्टैग में केवाईवी वेरिफिकेशन की जरूरत नहीं; कॉमर्शियल सिलेंडर 50 रुपए महंगा



### 1. जीएसटी बढ़ा, सिगरेट 40% तक महंगी होंगी

3 सितंबर 2025 को किए गए बदलाव के बाद अब 1 फरवरी से पान मसाला, खैनी और गुटखा जैसे तंबाकू उत्पादों पर 40% जीएसटी लगेगा। सेस हटा दिया गया है। अभी तक इन पर 28% जीएसटी के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50% से ज्यादा हो जाता था। सिगरेट पर उसकी लंबाई के आधार पर नई एक्साइज ड्यूटी भी लागू होगी। 2.05 से लेकर 8.5 प्रति स्टिक तक ये एक्साइज ड्यूटी लगेगी। इसके अलावा तंबाकू उत्पादों की तरह सिगरेट पर 40% जीएसटी भी लगेगा। हालांकि बीड़ी पर राहत देते हुए जीएसटी को 18% कर दिया गया है।

एक्साइज ड्यूटी मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट में जुड़ती है। जब सिगरेट फैक्ट्री से निकलती है, तो उस पर एक्साइज लग चुका होता है। इसके बाद जब उस पर जीएसटी लगाया जाता है, तो वह 'बढ़ी हुई कीमत' (जिसमें एक्साइज शामिल है) पर लगता है। इससे 'टैक्स पर टैक्स' की स्थिति बनती है और फाइनल एमआरपी बढ़ जाती है।

इस बदलाव से रिटेल मार्केट में सिगरेट और तंबाकू उत्पादों की कीमतों में 15% से 40% तक का उछाल आ सकता है। सरकार का यह कदम सरकारी खजाने को भरने की एक कोशिश माना जा रहा है। क्योंकि सितंबर में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के लिए कई उत्पादों पर जीएसटी में कटौती की थी।

### 2.फास्टैग यूजर्स को केवाईवी वेरिफिकेशन नहीं



आज से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवाईवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई कार के लिए केवाईवी प्रोसेस बंद करने का फैसला किया है। साथ ही, जिन कारों पर पहले से फास्टैग लगा है, उनके मालिकों को भी अब रूटीन केवाईवी कराने की जरूरत नहीं होगी। इससे वाहन मालिकों को वैलिड डॉक्युमेंट होने के बावजूद लंबी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अथॉरिटी के अनुसार, केवाईवी की प्रक्रिया को पूरी तरह खत्म नहीं किया गया है, बल्कि इसे 'जरूरत आधारित' बना दिया गया है। अब सिर्फ केवाईवी तभी मांगा जाएगा, जब किसी फास्टैग के गलत इस्तेमाल, गलत तरीके से जारी होने या उसके लूज होने की कोई शिकायत मिलेगी। सामान्यतौर पर काम कर रहे फास्टैग के लिए अब किसी तरह के डॉक्युमेंट की दोबारा मांग नहीं की जाएगी।

### 3. कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 50 रुपए तक बढ़े



आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 49 रुपए बढ़कर 1740.50 हो गई है। पहले यह 1691.50 में मिल रहा था। वहीं चेन्नई में यह अब 50 रुपए महंगा होकर 1899.50 रुपए में मिलेगा।

### 4. आरबीआई की मीटिंग 4 से 6 फरवरी, 0.25% घट सकती है ब्याज दर



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीएस) की मीटिंग 4 से 6 फरवरी तक चलेगी। ये वित्त वर्ष 2025-26 की आखिरी मीटिंग होगी। उम्मीद की जा रही है कि इस मीटिंग में आरबीआई ब्याज दर 0.25% घटाकर 5% कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो लोन सस्ते होंगे और आपकी ईएमआई भी घट सकती है।

इससे पहले आरबीआई ने 3 से 5 दिसंबर को हुई अपनी पिछली एमपीसी मीटिंग में रेपो रेट 0.25% घटाकर 5.25% कर दिया था। इस साल सिर्फ अगस्त और अक्टूबर में हुई मीटिंग में इसमें बदलाव नहीं किया गया।

### 5.एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई टिकट सस्ता हो सकता है



फरवरी में हवाई यात्रा करने वालों को राहत मिलने की उम्मीद है। तेल कंपनियों ने एविएशन फ्यूल के दाम करीब 1 हजार रुपए घटा दिए हैं। दिल्ली में फ्यूल के दाम 92,323.02 से घटकर 91,393.39 प्रति किलोलीटर हो गए हैं। कीमतों में आई इस कमी से एविएशन कंपनियों की ऑपरेशनल कॉस्ट कम होगी, जिसका सीधा फायदा हवाई टिकटों के दाम कम होने के रूप में यात्रियों को मिल सकता है।

### 6. संपत्ति बेचने- खरीदने के लिए आधार

#### ऑथेंटिकेशन जरूरी

उत्तर प्रदेश और कर्नाटक सरकार ने 1 फरवरी 2026 से संपत्ति की रजिस्ट्री के लिए आधार ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर दिया है। अब रजिस्ट्री के वक्त खरीदार, विक्रेता और गवाहों को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में मौजूद बायोमेट्रिक मशीन पर अपनी पहचान, यानी फिंगरप्रिंट या फेस वेरिफिकेशन कराना होगा। इसका मुख्य उद्देश्य जमीन की खरीद-बिक्री में होने वाले फजीवाड़े और 'बेनामी' संपत्तियों पर लगाम लगाना है। केंद्र की योजना 'वन नेशन, वन रजिस्ट्रेशन' के तहत इसे जल्द ही पूरे देश में लागू करने की है।



## वायरल वीडियो से बढ़ीं अटकलें, क्या विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना रचाने जा रहे हैं विवाह?

टॉलीवुड के चर्चित सितारे विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के बाद दोनों की शादी की अटकलें तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो उदयपुर के एक भव्य विरासत स्थल का है, जहां शादी जैसी तैयारियां दिखाई दे रही हैं। लाल पर्दे, झूमर, फूलों की सजावट और शाही इंतजामों ने इन चर्चाओं को और हवा दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, यदि विवाह होता है तो यह बेहद निजी समारोह होगा, जिसमें केवल परिवार और करीबी मित्र ही शामिल होंगे। हालांकि, विजय और रश्मिका की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दोनों कलाकारों ने फिल्मों 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' में साथ काम किया है, जिसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएँ चलती रही हैं। फिलहाल प्रशंसक आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।



## रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग

बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी के जुहू स्थित आवास के बाहर अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई फायरिंग से इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना मुंबई के एक उच्च-प्रोफाइल क्षेत्र में हुई, जहां कई फिल्मी हस्तियों के घर स्थित हैं। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने रोहित शेट्टी के आवास के बाहर चार राउंड फायरिंग की। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि रोहित शेट्टी और उनका परिवार पूरी तरह सुरक्षित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी गई है। आरोपियों की तलाश के लिए 12 विशेष टीमों का गठन किया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ जारी है। फिलहाल फायरिंग के पीछे के मकसद का खुलासा नहीं हो सका है।



## धर्म को लेकर उठे विवाद पर ऊर्फी जावेद का साफ जवाब, बोलीं- मैं किसी धर्म को नहीं मानती

अभिनेत्री और सोशल मीडिया व्यक्तित्व ऊर्फी जावेद ने अपने धर्म और पहचान को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर चुप्पी तोड़ते हुए स्पष्ट किया है कि वह किसी भी धर्म को नहीं मानतीं और स्वयं को नास्तिक मानती हैं। उन्होंने इस्लाम से निकाले जाने और नाम बदले जाने से जुड़ी खबरों को पूरी तरह निराधार बताया है। यह प्रतिक्रिया सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी के उस दावे के बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने वीडियो जारी कर यह कहा था कि ऊर्फी जावेद को इस्लाम से अलग कर दिया गया है और उनका नाम बदलकर गीता भारद्वाज रखा गया है। समाचार एजेंसी से बातचीत में ऊर्फी जावेद ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, मैंने बहुत पहले ही धर्म छोड़ दिया था। अब ये बातें कौन और क्यों फैला रहा है, मुझे नहीं पता। नाम बदले जाने की खबरों पर उन्होंने कहा कि ऐसी कोई आधिकारिक बात नहीं है और यह सब मनगढ़ंत है। ऊर्फी ने दो टूक कहा, मैं किसी भी धर्म को नहीं मानती। मैं नास्तिक हूं। जब मैं किसी धर्म का हिस्सा ही नहीं हूं, तो मुझे वहां से निकाले जाने का सवाल ही कहां उठता है? गौरतलब है कि फैजान अंसारी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दावा किया था कि मुस्लिम समुदाय ने ऊर्फी जावेद को समुदाय से अलग करने का फैसला लिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि इसके लिए उन्होंने एक पत्र तैयार कर संबंधित धार्मिक पदाधिकारी को सौंपा है। हालांकि, इस दावे की किसी भी आधिकारिक संस्था या संगठन द्वारा पुष्टि नहीं की गई है। इस पूरे मामले पर ऊर्फी जावेद की स्पष्ट प्रतिक्रिया के बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है, लेकिन अभिनेत्री ने साफ कर दिया है कि वह अपनी निजी सोच और पहचान को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं।



## लुक पर सवालों का सलमान खान ने दिया सधा जवाब

**बोले- किरदार की मांग है यह रूप**

अभिनेता सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आ रहे लुक को लेकर हो रही ऑनलाइन आलोचनाओं पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ कहा कि उनका लुक पूरी तरह उस किरदार की जरूरत के अनुसार है, जिसे वह फिल्म में निभा रहे हैं। शुक्रवार को सूरत में आयोजित इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग कार्यक्रम के दौरान सलमान खान ने बताया कि वह फिल्म में एक कर्नल की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि यह लुक एक ऐसे सैन्य अधिकारी का है, जो अपने जवानों का नेतृत्व करता है और उन्हें प्रेरित करता है। एक वीडियो में पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ के साथ बातचीत के दौरान सलमान ने मजाकिया अंदाज में कहा कि कुछ लोग उनके लुक को रोमांटिक मान सकते हैं, लेकिन असल में यह एक जिम्मेदार सैन्य अधिकारी की छवि को दर्शाता है। उन्होंने दो टूक कहा कि आलोचनाओं से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता और उनके प्रशंसकों का प्यार हमेशा उनके साथ रहा है।गौरतलब है कि 'बैटल ऑफ गलवान' वर्ष 2020 में भारत-चीन के बीच गलवान घाटी में हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं और इसमें चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।





## शाहरुख-गौरी की प्रेम कहानी में नीलम कोठारी का बड़ा योगदान

**अभिनेत्री ने किया खुलासा**

हिंदी सिनेमा की चर्चित प्रेम कहानियों में शुमार शाहरुख खान और गौरी खान की शादी को लेकर अभिनेत्री नीलम कोठारी ने एक दिलचस्प राज से पर्दा उठाया है। उन्होंने बताया कि इस रिश्ते की शुरूआत में कहीं न कहीं उनका भी योगदान रहा है। एक टेलीविजन कार्यक्रम के दौरान नीलम कोठारी ने खुलासा किया कि शाहरुख खान ने खुद उनसे कहा था कि गौरी और उनकी शादी की एक वजह नीलम भी हैं। नीलम के अनुसार, जब वह फिल्मों में सक्रिय थीं, उस समय शाहरुख और गौरी उनके बड़े प्रशंसक थे और साथ-साथ उनकी फिल्में देखने जाया करते थे। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। नीलम ने हंसते हुए कहा कि उन्हें कभी अंदाजा नहीं था कि उनकी फिल्में भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर वास्तविक जीवन की प्रेम कहानी की नींव बनेंगी। गौरतलब है कि नीलम कोठारी 80 और 90 के दशक की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में रही हैं। अभिनय के साथ-साथ वह एक सफल आभूषण डिजाइनर भी हैं और हाल ही में वह एक चर्चित रियलिटी कार्यक्रम में भी नजर आई थीं।

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र




# भारत ने 4-1 से जीती सीरीज

पांचवें टी20 में कीवियों को 46 रन से हराया

ईशान-सूर्य कुमार यादव के बाद अर्शदीप चमके



भारत ने पांचवें टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 46 रन से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। शनिवार को तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 271 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 225 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।



**नई दिल्ली।** भारत ने पांचवें टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 46 रन से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। शनिवार को तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने ईशान किशन की शतकीय और सूर्यकुमार यादव की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 271 रन बनाए। यह उनका बांग्लादेश (297/6) और श्रीलंका (283/1) के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा सबसे बड़ा टी20 स्कोर है। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने अपना सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 225 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए फिन एलन ने 80 रनों की पारी खेली।

## एलन ने न्यूजीलैंड को दिलाई शानदार शुरूआत



271 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने आक्रामक अंदाज में शुरूआत जरूर की, लेकिन लगातार विकेट गिरने के कारण वह मुकाबले में कभी भी पूरी तरह पकड़ नहीं बना सकी। ओपनर फिन एलन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों पर शुरूआती ओवरों में दबाव बनाया। एलन ने महज 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 38 गेंदों पर 80 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक चौके-छक्के शामिल थे। उन्होंने खास तौर पर अर्शदीप सिंह को निशाना बनाया और शुरूआती दो ओवरों में उनसे जमकर रन बटोरे। एलन को रचिन रवींद्र (30 रन) का अच्छा साथ मिला और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी हुई, जिससे न्यूजीलैंड की उम्मीदें कुछ देर के लिए जिंदा दिखीं।

## अर्शदीप ने पांच विकेट झटके



अंतिम ओवरों में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शानदार वापसी करते हुए कहर बरपाया। शुरूआती ओवरों में महंगे साबित होने के बावजूद अर्शदीप ने अंतिम तीन ओवरों में चार विकेट झटकते हुए कुल 5 विकेट (5/51) अपने नाम किए। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 225 रन पर ऑलआउट हो गई और इस तरह वह लक्ष्य से 46 रन पीछे रह गई। बड़े स्कोर के दबाव और भारतीय गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के सामने न्यूजीलैंड की टीम अंततः घुटने टेकने पर मजबूर हो गई।

## ईशान और सूर्यकुमार के बीच शतकीय साझेदारी



इसके बाद मैदान पर आए ईशान किशन ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 137 रनों की विस्फोटक साझेदारी हुई, जिसने न्यूजीलैंड की गेंदबाजी की कमर तोड़ दी। किशन ने शुरू से ही आक्रामक तेवर अपनाए और तेज हाथों व बेहतरीन फुटवर्क के दम पर कीवी गेंदबाजों को चारों ओर प्रहार किया। उन्होंने महज 28 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और फिर तेजी से रन बटोरते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा।

### सैमसन फिर फ्लॉप हुए

इससे पहले, भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर पूरी तरह दबदबा बनाते हुए टी20 क्रिकेट का एक और यादगार प्रदर्शन किया। हालांकि, शुरूआत भारत के लिए कुछ खास नहीं रही और संजू सैमसन एक बार फिर असफल रहे। वह सिर्फ 6 रन बनाकर लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने 16 गेंदों पर 30 रनों की तेज पारी खेलकर पारी को गति देने की कोशिश की, लेकिन अतिरिक्त उछाल के चलते वह भी फर्ग्यूसन का शिकार बने।

आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026

# सुपर सिक्स में आज भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला



**दुबई।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर भारत बनाम पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित महामुकाबला देखने को मिलेगा। जिम्बाब्वे के बुलावायो में खेले जा रहे इस टूनार्मेंट के सुपर सिक्स चरण में दोनों पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला सिर्फ अंक तालिका के लिहाज से ही नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा और सेमीफाइनल की तस्वीर साफ करने के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है।

### भारत का पलड़ा भारी, सेमीफाइनल की दहलीज पर टीम इंडिया

भारतीय अंडर-19 टीम इस मैच में अजेय रिकॉर्ड के साथ उतर रही है। जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार जीत के दम पर भारत का नेट रन रेट +3.337 है, जिससे टीम लगभग सेमीफाइनल में एक पैर रख चुकी है। हालांकि, खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के मन में एक बात जरूर होगी, अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से मिली 191 रन की हार का बदला। यही कारण है कि भारत इस मैच को सिर्फ जीतना ही नहीं, बल्कि दमदार अंदाज में जीतने की कोशिश करेगा।

### पाकिस्तान के लिए 'करो या मरो' की स्थिति

दूसरी ओर, पाकिस्तान के लिए यह मुकाबला किसी वर्चुअल नॉकआउट से कम नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 विकेट की जीत से टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा है, लेकिन सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पाकिस्तान को भारत को बड़े अंतर से हराना होगा, ताकि नेट रन रेट में सुधार हो सके। इस मैच में पाकिस्तान की रणनीति आक्रामक रहने की उम्मीद है, खासकर पावरप्ले और डेथ ओवर्स में।

### टॉप ऑर्डर बनाम तेज गेंदबाजी: मैच का असली रोमांच

मैच का सबसे दिलचस्प पहलू होगा भारत का विस्फोटक टॉप ऑर्डर बनाम पाकिस्तान की स्ट्राइक बॉलिंग। भारत की ओर से वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने अब तक शानदार फॉर्म दिखाई है, जबकि पाकिस्तान के तेज गेंदबाज अली रजा, जो टूनार्मेंट में अब तक 12 विकेट ले चुके हैं, भारतीय बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेने को तैयार होंगे। यही टक्कर इस मुकाबले का रुख तय कर सकती है।

# रविवार, 01 फरवरी राशिफल

आज मंगलदेव आपके दसवें घर में कर्म स्थान में विराजमान हैं, जिससे पूरा फोकस आपके करियर और काम पर रहेगा। मेष राशि वालों के लिए आज का दिन अपनी एनर्जी को सही दिशा में लगाने और प्रैक्टिकल फैसले लेने का है।

शुक्रदेव आज आपके नौवें भाव (भाग्य स्थान) में गोचर कर रहे हैं, जो आपकी किस्मत के सितारे बुलंद करेंगे। आज का दिन अपनी नींव मजबूत करने और लाइफ को एक नई स्थिरता देने का है। ब्रह्मांड आपको सलाह दे रहा है कि किसी भी काम में भागने के बजाय थोड़ा रुकें, स्थिति को समझें और फिर कदम बढ़ाएं।

आज बुधदेव आपके आठवें भाव में कई ग्रहों के साथ युति कर रहे हैं, जिससे करियर और धन के मामले में थोड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आज का दिन अपनी बातों को स्पष्ट रखने और नई चीजें सीखने का है।

चंद्रदेव आज आपकी ही राशि यानी पहले भाव में गोचर कर रहे हैं, जबकि सूर्यदेव, बुधदेव, शुक्रदेव और मंगलदेव आपके सातवें भाव में हैं। यह स्थिति करियर और पार्टनरशिप में लाभ के शानदार संकेत दे रही है। आज आप थोड़े ज्यादा सेंसिटिव हो सकते हैं।

सूर्यदेव आज आपके छठे भाव में गोचर कर रहे हैं, जो करियर के लिए बहुत शुभ स्थिति है। आपकी कड़ी मेहनत का फल मिलने का समय आ गया है। आज का दिन जिम्मेदारी निभाने और खुद को बेहतर बनाने का है।

बुधदेव आज आपके पांचवें भाव में शुक्रदेव, सूर्यदेव और मंगलदेव के साथ विराजमान हैं, जो धन लाभ और निवेश के लिए बहुत अच्छी स्थिति है। आज का दिन काम को ऑर्गनाइज करने और बारीकियों पर ध्यान देने का है।

शुक्रदेव आज आपके चौथे भाव में कई ग्रहों के साथ गोचर कर रहे हैं, जिससे करियर में प्रोग्रेस, प्रॉपर्टी से लाभ और पारिवारिक सुख मिलने के प्रबल योग हैं। आज का दिन रिश्तों में मधुरता लाने और सही निर्णय लेने का है। आप काफी सोच-विचार के बाद ही कोई कदम उठाएंगे, क्योंकि आपको लाइफ में क्लैरिटी चाहिए।

मंगलदेव आज आपके तीसरे भाव में उच्च के होकर गोचर कर रहे हैं, जो आपको अदम्य साहस और काम करने की जबरदस्त ऊर्जा देंगे। आज आप अपने भाई-बहनों और करीबी दोस्तों के काफी करीब महसूस करेंगे। दिन काफी इमोशनल और गहरा रहने वाला है।

बृहस्पतिदेव आपके सातवें भाव में वक्री हैं, जिससे पार्टनरशिप और करियर में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। हालांकि, चंद्रमा का आठवें भाव में होना आपके आर्थिक पक्ष को मजबूती देगा। आज का दिन कुछ नया सीखने और अपनी सोच का दायरा बढ़ाने का है।

शनिदेव आपके तीसरे भाव में हैं, जिससे आपकी मेहनत का फल आपको जरूर मिलेगा। साथ ही, चंद्रमा का सातवें भाव में होना आपके करियर और पार्टनरशिप के लिए बेहतरीन संकेत है। आज का दिन जिम्मेदारियों को निभाने और अपने बड़े लक्ष्यों पर फोकस करने का है।

कुंभ राशि वालों के लिए आज शनिदेव आपकी राशि से दूसरे भाव (मीन राशि) में गोचर कर रहे हैं, जो करियर के लिए एक स्थिर स्थिति है। आज का दिन कुछ नया करने, समाज के प्रति जागरूक रहने और प्रोग्रेसिव आइडियाज पर काम करने का है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज बृहस्पतिदेव चौथे भाव में वक्री हैं, जिससे परिवार और करियर में थोड़ी अनिश्चितता रह सकती है। हालांकि, पांचवें भाव का चंद्रमा आपको आर्थिक लाभ के संकेत दे रहा है। आज का दिन आपकी अंतरात्मा की आवाज सुनने और मन की शांति पाने का है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# मिस एंड्रूज परी कटारा और मिस्टर एंड्रूज बने अमन शर्मा

**बारहवीं क्लास के छात्रों का विदाई समारोह मनाया**

एनएनआई




**आगरा।** सेन्ट एंड्रूज स्कूल बरौली अहीर में ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने जमकर आनंद लिया। स्कूल के वातानुकूलित प्रेक्षागृह में स्कूल के बारहवीं क्लास के छात्रों का विदाई समारोह मनाया गया। इस दौरान कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने एक दूसरे को शुभकामनाएँ दी और खट्टी-मीठी यादों को शेयर किया। इस पूरे धमाल में बारहवीं के छात्रों के चेहरे पर खुशी तो दिखी लेकिन स्कूल से विदाई का दर्द वो छुपा नहीं पाए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सीएमडी डॉ गिरधर शर्मा, सुनीता शर्मा, सी.ए. अपूर्वा शर्मा, प्रधानाचार्या साहिबा खान, उप- प्रधानाचार्या रीता रॉय, बी.डी. दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित व सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा विद्यार्थी जीवन पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई तथा सामूहिक गान के द्वारा बच्चों में मैत्री भाव का संदेश दिया गया। इस दौरान कई छात्रों ने मंच से अपने उस अनुभव को भी शेयर किया जो पढ़ने के दौरान इस स्कूल से उन्होने ग्रहण किया था।

कार्यक्रम में मिस एंड्रूज परी कटारा, मिस्टर एंड्रूज अमन शर्मा तथा मिस डायनेमिक इवा पांडे, मिस्टर डायनेमिक राघव बनें। कार्यक्रम का संचालन असफिया तथा सोनिया चाहर के निर्देशन में पूजा बजाज तथा सृष्टि मदान द्वारा किया गया। विद्यालय के सीएमडी डॉ गिरधर शर्मा ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सफलता के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा समय के महत्व को बताते हुए बच्चों को अपने अध्यन की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे वह अपने माता-पिता, शिक्षक तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन कर सके।

# अवधपुरी के पद्मप्रभु जिनालय में संपन्न हुआ वास्तु विधान




**आगरा (एनएनआई)।** अवधपुरी स्थित पद्मप्रभु जिनालय में वेदी शिलान्यास समारोह से पूर्व वास्तु विधान का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंतसागर महाराज ससंघ का मंगल सानिध्य प्राप्त हुआ,जिससे पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय हो गया। विधान का विधिविधानपूर्वक संचालन पंडित विवेक जैन शास्त्री के निर्देशन में किया गया। मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बड़ी संख्या में समाजजनों ने धर्म लाभ अर्जित किया।आयोजन के उपरांत सायंकाल गुरुभक्ति का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक सहभागिता की। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि उपाध्यायश्री ससंघ के सानिध्य में वेदी शिलान्यास समारोह का आयोजन किया जाएगा। सकल जैन समाज अवधपुरी ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजनों में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। इस आयोजन से क्षेत्र में धर्म,संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर इंद्रप्रकाश जैन,प्रवीन जैन,ओम प्रकाश जैन,रवि जैन,नरेंद्र कुमार जैन,अजय जैन मास्टर,शुभम जैन,जितेंद्र जैन,करुणा जैन,पुष्पा जैन कविता जैन,रीता जैन,बीना जैन, रंजना जैन,रश्मि जैन समस्त अवधपुरी जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# लक्स मोटर शो एडिशन-2 का हुआ भव्य शुभारंभ



एनएनआई

**आगरा।** लग्जरी कारों का शौक केवल तेज रफ्तार तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह तकनीक, प्रतिष्ठा और भविष्य की सोच का प्रतीक होता है। जब विश्वस्तरीय डिजाइन, शक्तिशाली प्रदर्शन और पर्यावरण-अनुकूल नवाचार एक मंच पर एकत्र होते हैं, तब वह आयोजन एक यादगार अनुभव बन जाता है। इसी अनुभव की झलक शुक्रवार को फतेहाबाद रोड स्थित होटल ग्रैंड मर्क्योर में देखने को मिली, जहाँ लक्स मोटर शो - एडिशन 2का भव्य शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि किशोर खन्ना, चेयरमैन रोमसन्स ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लक्स मोटर शो जैसे आयोजन यह प्रमाणित करते हैं कि लक्जरी ऑटोमोबाइल संस्कृति अब केवल मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रही है। टियर-2 शहरों में भी विश्वस्तरीय तकनीक, डिजाइन और प्रदर्शन को लेकर गहरी समझ और रुचि विकसित हो रही है। आगरा जैसे ऐतिहासिक शहर में इस स्तर का आयोजन होना यहाँ के बदलते उपभोक्ता और भविष्य की मोबिलिटी के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आज ऑटोमोबाइल उद्योग एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहाँ इलेक्ट्रिक और पर्यावरण-अनुकूल वाहनों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई तकनीकों को नजदीक से समझने का अवसर मिलता है और उपभोक्ताओं में जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने द कार मॉल और लक्स मोटर शो की पूरी टीम को इस दूरदर्शी पहल के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# प्रो. सुन्दर लाल का निधनः शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति



**आगरा (एनएनआई)।** वी. बी. एस. पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पूर्व कुलपति एवं गणित के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वान प्रो. सुन्दर लाल का कल देर रात आगरा स्तिथ उनके निवास पर निधन हो गया। उनके निधन से न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के उच्च शिक्षा जगत को गहरा आघात पहुँचा है। विनम्र स्वभाव, सादगीपूर्ण जीवन और असाधारण बौद्धिक क्षमता के धनी प्रो. सुन्दर लाल को शिक्षक, शोधकर्ता और कुशल प्रशासक के रूप में सदैव स्मरण किया जाएगा। प्रो. सुन्दर लाल ने दिसंबर 2010 से दिसंबर 2013 तक वी. बी. एस. पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कुलपति के रूप में सेवाएँ दीं। इसके अतिरिक्त वे डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में प्रो-वाइस चांसलर तथा कुछ अवधि के लिए कार्यवाहक कुलपति भी रहे। गणित विभागाध्यक्ष, विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं मानद पुस्तकालयाध्यक्ष जैसे दायित्वों का उन्होंने अत्यंत निष्ठा के साथ निर्वहन किया । सेवानिवृत्ति के पश्चात भी प्रो. सुन्दर लाल का जीवन शिक्षा को समर्पित रहा। वे डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के गणित विभाग में लंबे समय से अभी तक निःशुल्क सेवाएँ देते रहे और विद्यार्थियों को गहन विषयवस्तु को सरलता से समझाने के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध थे। शोध और अध्यापन के प्रति उनका समर्पण विद्यार्थियों और सहकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत रहा। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की कुलपति प्रो. आशु रानी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की प्रो. सुन्दर लाल का निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक महान शिक्षक, उत्कृष्ट गणितज्ञ और अत्यंत विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे। देहदान का उनका निर्णय उनके उदात्त विचारों और समाज के प्रति समर्पण को दर्शाता है। विश्वविद्यालय परिवार उनकी स्मृतियों को सदा नमन करेगा।

**डाक्टरों की पढ़ाई के लिए प्रोफेसर सुन्दरलाल दान कर गये अपना पार्थिव शरीर**

आगरा। वृज विहार कोलोनी, गजाधन धाम ,केन्द्रीय हिन्दी संस्थान रोड निवासी सुन्दर लाल जी (77) सुपुत्र रामजीलाल निवासी का देर रात लगभग 12:30 बजे निधन हो जाने पर परिवारीजनों ने श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी के महासचिव राजीव अग्रवाल से देहदान प्रक्रिया पूरी कराने को सम्पर्क किया। उन्होंने उनका नेत्रदान कराने की भी सलाह दी।रात्रि में ही एस एन के डाक्टर्स टीम एवं ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा के सहयोग से सुन्दर लाल का बजाजा कमेटी द्वारा नेत्रदान प्रक्रिया पूरी कराई गई। सुन्दर लाल की इच्छानुसार देहदान के लिए उनका पार्थिव शरीर आज शनिवार को बजाजा कमेटी की गाड़ी से उनके निवास से एस एन लाया गया।एनाटॅमी विभागाध्यक्ष डा अंजली को पार्थिव शरीर सौप दिया गया। देहदानी सुन्दरलाल वीर बहादुर, पूर्वांचल यूनिवर्सिटी ,जौनपुर से वाईस चांसलर पद से रिटायर है। मौजूद डाक्टरों ने पढ़ाई के लिए मृत शरीर की आवश्यकता को सभझाते हुए देहदान को पुण्य कार्य बताया। अध्यक्ष अनिल जिंदल ने देहदान के लिए परिवार की इस पहल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस मौके पर देहदानी के पुत्र डाक्टर अंजने तक्षक पुत्री डाक्टर स्वभा तक्षक,डा अभय गुप्ता, संजय चौधरी ,सहित परिवार के लोग तथा बजाजा कमेटी के उपाध्यक्ष विशनू गर्ग, महासचिव राजीव अग्रवाल , मंत्री प्रशांत गुप्ता मौजूद रहे।

# हरे कृष्णा.... संकीर्तन से गूंजा श्रीजगन्नाथ मंदिर

एनएनआई



**आगरा।** चैतन्य महाप्रभु की आज्ञा से घर-घर में हरे कृष्णा... महामंत्र को पहुंचाने वाले नित्यानन्द प्रभु की जयन्ती आज कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर (इस्कान) में नित्यानन्द त्रयोदशी महामहोत्सव के रूप में भक्ति भाव के साथ मनायी गई। मन्यता है कि नित्यानन्द प्रभु की कृपा के बिना किसी को वृन्दावन वास और राधा-कृष्ण की भक्ति नहीं मिलती, इसलिए सभी भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ नित्यानन्द प्रभु से भक्ति का आशीर्वाद मांगा। इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द प्रभु ने भक्तों को नित्यानन्द प्रभु की कथा सुनाते हुए कहा कि द्वापर में बलराम के स्वरूप बनकर श्रीकृष्ण के साथ अवतरित हुए और लगभग 550 वर्ष रूप चैतन्य महाप्रभु के साथ नित्यानन्द रूप में आए। जो परम दयालू थे। हर किसी पर कृपा करते हैं। चैतन्य महाप्रभु के संकीर्तन आंदोलन में हरे कृष्ण... महामंत्र का नित्यानन्द प्रभु ने चैतन्य महाप्रभु की आज्ञा से घर-घर जाकर प्रचार किया। सभी को हरे कृष्ण... महामंत्र का जप करने के लिए बोला। सभी से एक ही बात कहते थे, भजो कृष्णा, कहो कृष्णा, करो कृष्णा शिक्षा। नित्यानन्द प्रभु की कृपा के बिना किसी को भी वृन्दावन वास और राधा कृष्ण की भक्ति नहीं मिलती। वर्तमान में जो वृन्दावन है वह न्त्यानन्द महाप्रभु व चैतन्य महाप्रभु द्वारा ही लगभग 500 वर्ष पूर्व जाग्रत किया गया था। इससे पूरा वृन्दावन लुप्त हो चुका था। मंदिर में आज भगवान जगन्नाथ को नित्यानन्द त्रयोदशी महामहोत्सव के शुभ अवसर पर नीले और पीले रंग की पोशाक से श्रृंगारित किया गया। पंचामृत व पंचगव्य से नित्याननंद प्रभु व चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नितेश अग्रवाल, सुनील मनचंदानी, सुशील अग्रवाल, नवीन सिंघल, शैलेश बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजीव मल्होत्रा, शाश्वत नन्दलाल, आशु मित्तल, ज्योति बंसल, विश्वास, चिराग आदि उपस्थित थे।